दैनिक

# भीम प्रज्ञा

PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

'जीवन की सबसे बड़ी लड़ाई बाहर की परिस्थितियों से नहीं, बल्कि अपने भीतर की नकारात्मक सोच से होती है। जो इंसान अपने मन को जीत लेता है, उसके लिए कठिन रास्ते भी मंज़िल का मार्ग बन जाते हैं।'

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-175 | झुंझुनू (राजस्थान) | मंगलवार, 19 मई, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्य: 5.00

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

## नकारात्मक सोच : इंसान का सबसे बड़ा मानसिक शत्रु

'मन के हारे हार है, मन के जीते जीत '–यह केवल एक कहावत नहीं, बल्कि मानव जीवन का गहरा सत्य है। इंसान की सबसे बड़ी शक्ति उसका शरीर नहीं, बल्कि उसका मन होता है। यदि मन मजबूत है, तो कठिन से कठिन परिस्थितियां भी छोटी लगने लगती हैं, लेकिन यदि मन नकारात्मकता से भर जाए, तो जीवन की छोटी-सी समस्या भी पहाड़ जैसी दिखाई देने लगती है। आज के आधुनिक और भागदौड़ भरे जीवन में नकारात्मक सोच एक गंभीर मानसिक और सामाजिक समस्या बनती जा रही है। यह ऐसा अदृश्य शत्रु है, जो इंसान को भीतर ही भीतर खोखला कर देता है। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगी कि बोलता है।

वर्तमान समय में लोग बाहरी सुख-सुविधाओं से घिरे होने के बावजूद मानसिक रूप से अशांत दिखाई देते हैं। इसका सबसे बड़ा कारण उनकी सोच का नकारात्मक होना है। जब इंसान लगातार असफलता, भय, ईर्ष्या, क्रोध और निराशा के विचारों में घिरा रहता है, तो उसका पूरा व्यक्तित्व प्रभावित होने लगता है। वह हर परिस्थिति में केवल कमी, समस्या और निराशा ही देखने लगता है। धीरे-धीरे यह आदत उसकी मानसिक स्थिति को कमजोर कर देती है। नकारात्मक सोच केवल व्यक्ति के मन को ही प्रभावित नहीं करती, बल्कि उसके सामाजिक और पारिवारिक जीवन को भी बुरी तरह प्रभावित करती है। ऐसा व्यक्ति दूसरों के प्रति शंकालु हो जाता है। उसे हर व्यक्ति में स्वार्थ और धोखा दिखाई देने लगता है। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करना, हर बात में शिकायत ढूंढना और दूसरों की सफलता से जलना उसकी आदत बन जाती है। परिणामस्वरूप उसके रिश्ते कमजोर होने लगते हैं। परिवार में तनाव बढ़ता है और समाज में उसका व्यवहार कटु होता चला जाता है।

आज सोशल मीडिया और प्रतिस्पर्धा की अंधी दौड़ ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है। लोग अपनी जिंदगी की तुलना दूसरों से करने लगे हैं। किसी की सफलता देखकर प्रेरित होने के बजाय कई लोग स्वयं को कमजोर और असफल समझने लगते हैं। यह तुलना धीरे-धीरे हीन भावना को जन्म देती है। इंसान यह भूल जाता है कि सोशल मीडिया पर दिखाई देने वाली चमक हमेशा वास्तविकता नहीं होती। वहां लोग अपनी जिंदगी का केवल अच्छा पक्ष दिखाते हैं, संघर्ष नहीं। नकारात्मक सोच का सबसे बड़ा नुकसान यह है कि यह इंसान की निर्णय क्षमता को कमजोर कर देती है। जब मन भय और निराशा से भरा हो, तो व्यक्ति सही अवसरों को भी पहचान नहीं पाता। वह प्रयास करने से पहले ही हार मान लेता है। कई प्रतिभाशाली लोग केवल इसलिए पीछे रह जाते हैं क्योंकि वे अपने मन में पहले ही यह तय कर लेते हैं कि वे सफल नहीं हो सकते। वास्तव में, असफलता से अधिक खतरनाक असफलता का डर होता है। इतिहास गवाह है कि जिन लोगों ने विपरीत परिस्थितियों में भी सकारात्मक सोच बनाए रखी, उन्होंने असंभव दिखने वाली परिस्थितियों को भी बदल दिया। महापुरुषों का जीवन इस बात का प्रमाण है कि कठिनाइयां इंसान को नहीं हरातीं, बल्कि हार मान लेने वाली सोच इंसान को पराजित करती है। सकारात्मक सोच का अर्थ यह नहीं कि जीवन में समस्याएं नहीं आएंगी, बल्कि इसका अर्थ यह है कि व्यक्ति समस्याओं से टूटने के बजाय उनका समाधान खोजने का साहस रखे। यह भी सच है कि नकारात्मक सोच धीरे-धीरे मानसिक रोग का रूप ले सकती है। लगातार तनाव, चिंता और भय इंसान के शारीरिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करते हैं। कई बीमारियों की जड़ मानसिक अशांति में छिपी होती है। डॉक्टर भी मानते हैं कि प्रसन्न और आशावादी व्यक्ति जल्दी स्वस्थ होता है, जबकि निराश व्यक्ति छोटी बीमारी को भी बड़ा बना लेता है। इसलिए स्वस्थ शरीर के लिए स्वस्थ सोच जरूरी है। इस मानसिक रोग का इलाज किसी दवा की दुकान पर नहीं मिलता। इसका उपचार व्यक्ति के अपने दृष्टिकोण में छिपा होता है। सबसे पहले हमें अपने विचारों पर नियंत्रण करना सीखना होगा। जब भी कोई नकारात्मक विचार मन में आए, तो उसका तार्किक मूल्यांकन करना चाहिए। हर परिस्थिति को विनाशकारी नजरिए से देखने के बजाय यह सोचना चाहिए कि उसमें सुधार की संभावना क्या है।

अच्छी पुस्तकों का अध्ययन, सकारात्मक लोगों का साथ, योग, ध्यान और प्रकृति के साथ समय बिताना मन को स्वस्थ रखने में मदद करता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमें स्वयं को स्वीकार करना सीखना होगा। हर व्यक्ति की अपनी गति, अपनी परिस्थितियां और अपनी संघर्ष यात्रा होती है। दूसरों से तुलना करने के बजाय स्वयं को बेहतर बनाने पर ध्यान देना चाहिए। समाज और परिवार की भी यहां महत्वपूर्ण भूमिका है। यदि बच्चों को बचपन से ही सकारात्मक सोच, धैर्य और संघर्ष का महत्व सिखाया जाए, तो वे मानसिक रूप से अधिक मजबूत बन सकते हैं। केवल अंक, नौकरी और सफलता को ही जीवन का अंतिम लक्ष्य बना देने से मानसिक दबाव बढ़ता है। बच्चों को यह समझाना जरूरी है कि असफलता जीवन का अंत नहीं, बल्कि सीखने का अवसर है।

**अंततः**, इंसान का भविष्य उसकी परिस्थितियां नहीं, बल्कि उसकी सोच तय करती है। परिस्थितियां कभी भी इतनी बुरी नहीं होतीं, जितना हमारी नकारात्मक सोच उन्हें बना देती है। यदि मन मजबूत हो, तो अंधेरे में भी रास्ता दिखाई देता है, लेकिन यदि सोच ही नकारात्मक हो जाए, तो उजाले में भी इंसान भटक जाता है। इसलिए जीवन को सार्थक और आनंदमय बनाना है, तो सबसे पहले अपने मन को सकारात्मक बनाना होगा। याद रखिए, नकारात्मक सोच एक ऐसा जहर है जिसे इंसान स्वयं अपनी इच्छा से पीता है। यदि जीवन में जीतना है, तो पहले अपने मन को जीतना होगा। क्योंकि सच यही है–

**'जिस दिन इंसान अपनी सोच बदल लेता है, उसी दिन उसका भविष्य बदलना शुरू हो जाता है।'**

# 'कांग्रेस में सांसद-विधायक बने नेता जमीन से ऊपर चलते हैं': डोटासरा

## युवाओं के पेपर आउट करने वालों को सत्ता से आउट किया जाए : डोटासरा

**भीम प्रज्ञा न्यूज**



**जयपुर ।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने नीट पेपरलीक को लेकर केंद्र और बीजेपी पर निशाना साधा। इसके साथ ही अपनी पार्टी के नेताओं पर भी तंज कसा। डोटासरा ने कहा- कांग्रेस में हम विधायक-मंत्री और सांसद बन जाते हैं। उसके बाद जमीन से 2 फीट ऊपर चलने लग जाते हैं। दिक्कत वहीं से शुरू हो जाती है।

**उन्होंने कहा-** जिन सांसदों और संगठन के पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है, वो अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे हैं। कांग्रेस की विचारधारा, कांग्रेस संविधान को मजबूत करने के लिए क्या काम कर रही है, लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रही है, ये बातें अगर कांग्रेस के नेता और पदाधिकारी जनता के बीच लेकर जाएं तो भाजपा के पास इसका कोई जवाब नहीं होगा।

### 23 लाख बच्चों का भविष्य बर्बाद, पीएम ने ट्वीट तक नहीं किया

**डोटासरा ने कहा-** नीट पेपर लीक में 23 लाख बच्चों का भविष्य बर्बाद हो गया, लेकिन प्रधानमंत्री ने इसे लेकर एक ट्वीट तक नहीं किया है। धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा होना चाहिए था, लेकिन सब चुप्पी साधकर बैठे हुए हैं। धर्मेंद्र प्रधान ने ही एनटीए में गलत लोगों की नियुक्ति की थी, इसके लिए जिम्मेदारी तो बनती ही है।

### पीएम काम की बात नहीं करते


**डोटासरा ने कहा-** पीएम मोदी केवल मन की बात करते हैं, काम की बात कभी नहीं करते। परीक्षा पर चर्चा करते हैं, लेकिन परीक्षाओं के पेपर लीक होने से रोक नहीं पाते। जरा सोचिए अगर डॉक्टर ही फर्जी बनने लगेंगे तो देश में क्या होगा?

**उन्होंने कहा-** वक्त आ गया है, युवाओं के पेपर आउट करने वालों को सत्ता से आउट किया जाए। अब इन्हें ही आउट करना पड़ेगा। डोटासरा जयपुर के RAS क्लब में कांग्रेस के चिकित्सा प्रकोष्ठ की बैठक में बोल रहे थे।

**डोटासरा ने कहा-** साल 2024, 2025 के नीट पेपर भी आउट थे। नीट का पेपर लगातार 3 बार आउट हो गया। चार दिन तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सामने ही नहीं आए। राजस्थान के लोगों ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) को बाकायदा प्रमाण दिया कि पेपर आउट हुआ है, तब जाकर एजेंसियां हरकत में आईं।

## कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के घर में चोरी की नीयत से घुसे थे बदमाश, जल्द होंगे गिरफ्तार: एसपी दीपक जेवरिया

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नारनौल।**



हरियाणा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के नारनौल स्थित आवास में घुसे लोग चोरी की नीयत से आए थे। पुलिस ने इस गिरोह को ट्रेस कर लिया है और जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। यह जानकारी सोमवार को एसपी दीपक जेवरिया ने पत्रकारवार्ता के दौरान दी। एसपी दीपक ने बताया कि यह गिरोह दूसरे राज्य का है, जो अपने राज्य में वारदात को अंजाम नहीं देता, बल्कि दूसरे राज्यों में जाकर चोरी की घटनाएं करता है। इसी गिरोह ने महेंद्रगढ़ शहर में भी दस्तक दी थी और वहां से एक बाइक चोरी की थी। नारनौल से भी आरोपियों ने बाइक चोरी की है। एसपी जेवरिया ने कहा कि महेंद्रगढ़ के एक सीसीटीवी कैमरे में इस गिरोह के छह सदस्य नजर आए हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे गिरोह में केवल छह लोग ही शामिल नहीं होते, बल्कि इनका पूरा नेटवर्क होता है। गिरोह के सदस्य पहले किसी जिले में सामान बेचने वाले या अन्य रूप में रहकर रेकी करते हैं और इसके बाद मौका देखकर चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं।उन्होंने बताया कि इसी गिरोह के सदस्यों ने नारनौल में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के घर में भी चोरी की नीयत से प्रवेश किया था, लेकिन घर में जाग होने के कारण वे अपने मकसद में कामयाब नहीं हो पाए और मौके से फरार हो गए।

एसपी दीपक जेवरिया ने कहा कि पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। कई स्थानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए हैं और पुलिस की कई टीमें आरोपियों की तलाश में लगी हुई हैं। जांच के दौरान पुलिस को काफी हद तक सफलता मिली है। राजस्थान के अलवर के पास इस गिरोह के सदस्यों की लोकेशन भी ट्रेस हुई है। उन्होंने भरोसा जताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पत्रकारवार्ता में एसपी दीपक ने जिले में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस का अभियान लगातार जारी है। उनके कार्यभार संभालने के बाद पिछले एक माह में नशा तस्करों पर काफी हद तक शिकंजा कसा गया है और आगे भी नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस मौके पर डीएसपी भारत भूषण भी मौजूद रहे।

## जिला कार्यकारिणी मीटिंग सम्पन्न: समाज के शोषण पर रोक के लिए किया आभार व्यक्त

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सीकर।**



शहर के राधाकिशनपुरा में स्थित बगरानिया भवन में मीना समाज के मातृ-संगठन राजस्थान आदिवासी मीना सेवा संघ की जिला कार्यकारिणी की मीटिंग जिलाध्यक्ष बाबूलाल मीना की अध्यक्षता में रविवार को देर रात सम्पन्न हुई। मीटिंग में चार वर्ष की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए वर्ष 2022 से समाज के शोषण पर लगाई गई रोक को बरकरार रखने के लिए एक दूसरे को बधाई दी तथा सच्चाई व न्याय का साथ देते हुए संघर्ष में तन मन धन सहयोग की वचनबद्धता जताई। जिलाध्यक्ष बाबूलाल मीना काँवट ने बताया कि मीटिंग में टीम भावना से सामाजिक उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए समाज के सर्वहितों में भविष्य के रोडमेप में समाज में जागरूकता अभियान चलाकर तकनीकी शिक्षा तथा समाज सुधारों की दिशा में आगे बढ़ने का निर्णय लिया गया। जिला व तहसील पदाधिकारियों ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता सेनानी लक्ष्मीनारायण झरवाल के संघर्षमय जीवन से प्रेरणा लेते हुए समाज की भलाई और उत्थान के लिए संघर्ष से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करने का आह्वान पर मीटिंग में पदाधिकारियों की व्यक्तिगत सहयोग राशी से किये गए कार्यो एवं प्रयासों की समीक्षा करते हुए जाजम से लेखाजोखा पर पारदर्शिता की मोहर लगाई । मीटिंग के अंत मे जनगणना में आदिवासी धर्म, कबीलाई संस्कृति तथा प्रथागत कानून से किसी तरह का समझौता नहीं करने का प्रस्ताव पारित किया गया । जनगणना से जुड़ी प्रस्ताव की जानकारी गाँवो और ढाणियों तक पहुंचाई जाएगी । मीटिंग में संरक्षक जगदीश मांडोता, कार्यकारी जिलाध्यक्ष सज्जन मीना, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभुदयाल मीना, जिला उपाध्यक्ष मनसुख मीना, जिला महामंत्री जगदीश मीना, जिला कोषाध्यक्ष भागचन्द मीना, सीकर तहसील अध्यक्ष बजरंगलाल मीना, श्रीमाधोपुर अध्यक्ष अरुण मीना, नीमकाथाना अध्यक्ष जगमाल मीना, धोद अध्यक्ष रामनिवास मीना, रामगढ़ शेखावाटी अध्यक्ष नागरमल मीना, लक्ष्मणगढ़ अध्यक्ष राजवीर मीना, पाटन अध्यक्ष बाबूलाल मीना रींगस अध्यक्ष ओमप्रकाश मीना एवं अन्य कई पदाधिकारी शामिल रहें।

## पक्षी बचेंगे तभी प्रकृति बचेगी -डॉक्टर मुकेश स्वामी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पलसाना।**




**पवन कुमार शर्मा ।** कस्बे के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सरस्वती विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय में सृष्टि मित्रा टीम के द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सृष्टि मित्रा के डॉ स्वामी ने कहा कि पक्षी हमारे जीवन एवं प्रकृति के माली हैं ,जो पक्षी बीजों को दूर-दूर तक फैलाकर नहीं हरियाली को जन्म देते हैं। पक्षी रोग नियंत्रण में सहायक बनते हुए मक्खी मच्छर एवं अन्य कीटों को कम करके मनुष्य को कई बीमारियों से बचाते हैं । वहीं प्रकृति के स्तंभ को संतुलन रखने में भी सहायक है। इस दौरान इन्होंने विद्यालय में चल रहे जिला स्तरीय स्काउट बेसिक कोर्स एवं गाइड कैप्टन यूनिट लीटर बेसिक कोर्स का भी अवलोकन कर प्रशिक्षणर्थियों को उपयोगी जानकारी से लाभान्वित किया। पूर्व प्रभारी सहायक जिला आयुक्त एवं पूर्व प्रिंसिपल सुलेखा स्वामी ने भी पशु पक्षियों की देखभाल जल सेवा सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। स्काउट कैंप द्वारा अतिथियों को साफा, स्कार्फ एवं अभिनंदन पत्र प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिविर संचालिका शांति स्वामी, शिविर संचालक रामोतार शर्मा, जगदीश प्रसाद शर्मा, पवन कुमार शर्मा, डॉ मंजू यादव, कविता शर्मा, राघव शर्मा कल्पना, शीतल, राजेंद्र प्रसाद सैनी सहित अनेक प्रशिक्षणार्थी मौजूद थे।

### नीट परीक्षा रद्द होने से आहत आत्मदाह प्रकरण

## गुढ़ा बावनी के नीट स्टूडेंड प्रदीप माहीच के आत्मदाह प्रकरण को लेकर न्याय एवं श्रद्धांजलि सभा आज

**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी।**

**सुमेर मीणा ।** समीपवर्ती गुढ़ा बावनी स्थित बाड्यानाला मुख्य सड़क मार्ग पर मंगलवार को नीट स्टूडेंट प्रदीप माहीच हत्या प्रकरण में परिजनों का हर तरह से सहयोग करने और आगे की रणनीति तैयार करने हेतु ।एक महत्वपूर्ण सभा का आयोजन रखा गया है। जानकारी देते हुए मीन सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मीणा किशोरपुरा श्रवण गुढा ने बताया कि मृतक प्रदीप महीच की आत्मा की शांति के लिए सुबह 9बजे से 2 बजे तक एक श्रद्धांजलि सभा का भी आयोजन रखा गया है।

# नीट-यूजी 2026 पेपर लीक के विरोध में झुंझुनूं में छात्रों का प्रदर्शन, NTA के खिलाफ नारेबाजी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**




मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2026 के कथित पेपर लीक मामले को लेकर सोमवार को झुंझुनूं में छात्रों का आक्रोश सड़कों पर दिखाई दिया। छात्र संगठन एसएफआई और डीवाईएफआई के कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन करते हुए परीक्षा आयोजित कराने वाली एजेंसी एनटीए के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बाद में जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की गई।प्रदर्शन कर रहे छात्र नेताओं ने कहा कि 3 मई 2026 को आयोजित नीट-यूजी परीक्षा का पेपर लीक होना एनटीए की कार्यप्रणाली की बड़ी विफलता है। उन्होंने आरोप लगाया कि देशभर के लाखों छात्र-छात्राएं पूरे वर्ष कठिन मेहनत कर इस परीक्षा की तैयारी करते हैं, लेकिन बार-बार सामने आ रही अनियमितताओं ने युवाओं के भविष्य को संकट में डाल दिया है। छात्र प्रतिनिधियों ने कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाओं से परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों में भारी मानसिक तनाव और असुरक्षा का माहौल पैदा हो गया है। उन्होंने केंद्र सरकार से परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने की मांग की। छात्र नेताओं ने कहा कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो छात्रों का विश्वास प्रतियोगी परीक्षाओं से उठ जाएगा।

ज्ञापन में छात्रों ने मांग की कि नीट पेपर लीक की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय उच्च शिक्षा मंत्री को पद से हटाया जाए। परीक्षा संचालन में विफल रहने पर एनटीए को तत्काल प्रतिबंधित किया जाए। साथ ही पेपर लीक में शामिल नकल गिरोह, अधिकारियों और आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। छात्र संगठनों ने यह भी मांग की कि राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं को पारदर्शिता और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ दोबारा आयोजित कराया जाए, ताकि मेहनत करने वाले विद्यार्थियों के साथ न्याय हो सकें। प्रदर्शन के दौरान एसएफआई तहसील झुंझुनूं के महासचिव आकाश धायल, डीवाईएफआई झुंझुनूं के महासचिव योगेश कटारिया, छात्र प्रतिनिधि शोभचंद्र, अमित सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे।



मीनोपोज ( माहवारी) बंद होने के बाद बढ़ने वाला बैली फैट कई महिलाओं के लिए एक बड़ी समस्या है। ये कोई साधारण फैट नहीं है, जो डाइटिंग और योगा से कम हो जाए! इसलिए इसे जिद्दी फैट भी कहा जाता है। शोधकर्ताओं ने इस वजह को ढूंढ निकाला है कि आखिर मीनोपोज के बाद मोटापा क्यों बढ़ता है? शोधकर्ताओं के मुताबिक, मीनोपोज के बाद एस्ट्रोजन लेवल कम होने से हिप्स और थाईज का फैट लोअर-एब्डॉमन में चला जाता है लेकिन डाइट में बदलाव करके आप शरीर का एक्सट्रा फैट घटा सकते हैं।

# मीनोपोज के बाद फिट रहने खानपान में करें बदलाव

### मीनोपोज के बाद के मोटापे को यूं घटाएं


आमतौर पर महिलाएं बेली फैट कम करने के चक्कर में हेल्दी फैट का सेवन करना भी छोड़ देती हैं जो कि गलत है। क्या आप जानते हैं कुछ फैट ऐसे भी होते हैं जिनका सेवन बैली फैट घटाने में मदद कर सकता है। जैसे एवोकैडो, ऑलिव्स, सैल्मन मछली और कोकोनट ऑयल। अध्ययन से पता चला है कि एक महीने के लिए हर सप्ताह तीन बार 28 ग्राम साल्मन मछली खाने से लगभग एक किलो से अधिक वजन घटाया जा सकता है। ऐप्पल साइडर विनेगर (सिरका) आपके मेटाबॉलिज्म को तेज करने में मदद करता है। सिरका में शामिल एसिडिक एसिड प्रोटीन वजन कम करने में मदद करता है। इसके साथ ही ग्रीन स्मूदी भी आपका बैली फैट घटाने में मददगार हो सकती है।

### डाइट में शामिल करें ये फूड्स

मेनोपॉज के लक्षणों (Menopause Symptoms) को कम करने के लिए महिलाओं को इस दौरान कैल्शियम रिच फूड्स लेने चाहिए. इसके लिए दूध, दही, टोफू, केले और ब्रोकली सबसे बेहतर होते हैं. डाइट में फाइबर को जगह देने के लिए साबूत अनाज को डाइट में शामिल करना चाहिए. ये शुगर लेवल को कंट्रोल में रखने में मदद करेंगे. विभिन्न रंगों की फल और सब्जियां बीमारियों के खतरे को कम करने में मदद करेंगी. हेल्दी आमेगा 3 फैट के लिए फैटी फिश जैसे साल्मन या मैकरेल, अलसी के बीज, चिया और अखरोट ले सकती हैं. इस समय बॉडी में एस्ट्रोजेन की कमी होने लगती है इसलिए फाइटोएस्ट्रोजेन रिच फूड्स जिनमें सोया प्रोडक्ट, अलसी की बीज (Flaxseeds) शामिल हैं जरूर लेने चाहिए.

### इनसे रहें दूर

मेनापॉज के लक्षणों को कम करने के लिए कुछ चीजों से दूर रहना चाहिए. इनमें रेड मीट, पैकेज्ड फूड, स्नैक्स, बेक किए गए केक और पेस्ट्री कम कर देना चाहिए. इनमें मौजूद एक्स्ट्रा शुगर और अनहेल्दी फैट से परेशानी बढ़ सकती है. बहुत ज्यादा मीठा खाने से भी बचना चाहिए, सोडा ड्रिंक्स और डिजर्ट लेने से बचने की कोशिश करनी चाहिए. इस समय जरूरत से ज्यादा कैफीन नींद आने में परेशानी ला सकता है. बहुत ज्यादा मसालेदार ( स्श्चद्ब्4 ) खाना हॉट फ्लैश और स्वेटिंग की परेशानी बढ़ा सकता है. इस समय अल्कोहल के सेवन से भी बचना जरूरी है. इससे स्लीप पैटर्न बिगड़ने का खतरा होता है.



# वजन घटाने सुपर फूड्स का इस्तेमाल करें

आजकल वजन घटाने सुपर फूड्स को बेहतर विकल्प माना जा रहा है। इस कारण यह पसंद किये जाने लगे हैं। कई सुपर फूड्स ने धीरेधीरे किचन में जगह बना ली है। जाहिर सी बात है कि किचन के जरिए ये हमारे पेट में भी पहुंच रहे हैं। क्विनोआ के अलावा, चिया सीड्स, फ्लैक्स सीड्स, वॉटरमेलन सीड्स, चगा मशरूम, नट ऑयल, मका, ल्यूकूमा, हेम्प सीड्स आदि। हममें से कुछ लोग इन सुपर फूड्स से परिचित हैं तो कुछ को इनके बारे में कुछ भी पता नहीं। फ्लैक्स सीड्स दादी-नानी के जमाने के अलसी के बीज हैं, जिन्हें अपने यहां के कुछ राज्यों में तिसी भी कहा जाता है। कुछ आयरन के बेहतरीन स्रोत हैं तो कुछ विटामिन और प्रोटीन के। इस आधे बीत चुके साल में इंटरनेट फ्रेंडली हो चुकी जनता अपने खानपान की आदतों को लेकर भी एडवेंचरस है।

चिया के बीज भी पॉपुलर सुपर फूड्स की श्रेणी में शामिल हैं। वैसे तो ये स्वाद रहित होते हैं लेकिन जब इन्हें सही ढंग से पकाया जाता है तो ये आसानी से पच जाते हैं। एनर्जी बूस्टिंग पाउडर के तौर पर ये कमाल के हैं। हालिया शोध तो चिया के बीजों को टाइप 2 डायबिटीज खत्म करने के लिए कारगर मानते हैं। चिया मेक्सिको से आते हैं, जिसका अर्थ ताकत से है। चिया को रनर्स फूड भी कहा जाता है क्योंकि लंबी दौड़ में चिया का इस्तेमाल ऊर्जा स्रोत के तौर पर किया जाता है। कहा जाता है कि केवल एक चम्मच चिया उन्हें 24 घंटे तक ऊर्जावान बनाए रखने में कारगर है। एंटीऑक्सिडेंट, एंटी सन्फ्लेमेट्री, एंटी कैंसर गुण होने के कारण चिया के सेवन का प्रचलन अपने देश में भी बढ़ता जा रहा है। यह एक कंम्प्लीट प्रोटीन भी है क्योंकि इसमें नौ जरूरी अमिनो एसिड हैं। स्वस्थ पाचन तंत्र के लिए आवश्यक 20 फीसद सॉल्युबल फाइबर और 80 फीसद इनसॉल्युबल फाइबर भी इसमें हैं। यह ब्लड शुगर के स्तर को बनाए रखता है, क्रेविंग को कम करता है और लंबे समय तक आपके पेट को भरा महसूस कराता है।

क्विनोआ पोषण का दोगुना पंच देता है क्योंकि इसमें फाइबर और प्रोटीन दोनों पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। यह ग्लूटेन मुक्त होने के साथ कंप्लीट प्रोटीन भी है। यह मूलत: एक बीज है, जिसे अनाज के तौर पर खाया जाता है। क्विनोआ तीन तरह के होते हैं- सफेद, लाल और काला। इसे अमूमन ऑर्गेनिक तौर पर ही उगाया जाता है। इसमें फ्लेवेनॉयड्स होता है, जो एंटीऑक्सिडेंट की तरह काम करता है। अन्य अनाजों की तुलना में क्विनोआ में फाइबर की मात्रा अधिक होती है। क्विनोआ का ग्लाइसेमिक इंडेक्स करीब 53 है, जो काफी कम है। शोध यह भी बताते हैं कि क्विनोआ मेटाबोलिक स्वास्थ्य को बढ़ाने में लाभदायक है। वजन कम करने की कोशिश में लगे लोगों के लिए क्विनोआ फायदेमंद है क्योंकि वजन कम करने के लिए हमें कम कैलोरी का सेवन करना चाहिए।

अलसी के बीज सालों से हमारे आस-पास ही हैं और एग्जॉटिक नहीं है, इसका अर्थ यह कदापि नहीं है कि यह हमारे संतुलित आहार के लिए पर्याप्त नहीं। सच तो यह है कि अलसी के बीज कमाल के होते हैं! यह न केवल कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर के स्तर को कम करता है बल्कि इसमें एंटीऑक्सिडेंट्स का बड़ा भाग होता है। इसे लिग्नैन्स कहा जाता है, जिसमें कैंसर से लडने़ के गुण मौजूद हैं। साथ ही यह हार्मोन्स को भी संतुलित करने में मददगार हैं। यह सॉल्युबल और इनसॉल्युबल फाइबर का बेहतरीन स्रोत हैं, जिसका अर्थ है कि यह रोजाना की ऊर्जा और वजन कम करने में लाभदायक हैं। अलसी के बीजों की खासियत यह है कि ये किसी भी डिश में आसानी से घुल-मिल जाते हैं। चाहें तो इन्हें ओटमील पर छिड़क लीजिए या ग्रैनोला में या दही पर या अपने स्मूदी में मिला लीजिए।

# ब्यूटी प्रोडक्ट इस प्रकार लंबे समय तक चलेंगे

खूबसूरती निखारने आप घरेलु नुस्खे भी आजमा सकती हैं। हमेशा महंगे उत्पाद खरीदने की जरुरत नहीं है। मस्कारा व आईलाइनर सूख जाए या फिर खत्म होने की स्थिति में हो तो उसे हल्के गर्म पानी में रखें या कॉन्टेक्ट लेंस सॉल्यूशन की कुछ बूंदे डालकर उनको आप एक बार फिर इस्तेमाल कर सकती हैं। मेकअप हटाने के लिए रिमूवर व क्लीजिंग मिल्क की जगह नारियल तेल, बेबी ऑयल या फिर दूध का उपयोग किया जा सकता है। फाउंडेशन वाला स्पंज अगर खराब हो गया है तो ब्रश से भी फाउंडेशन लगा सकती हैं। ब्रश से उसे फैलाएं, फिर टिश्यू पेपर को हल्का गीला करके उसको एक सार करें।

डार्क शेड के फाउंडेशन को अपनी स्किन टोन से मिलाने के लिए फाउंडेशन और मॉइश्चराइजर के साथ इसे मिलाएं।

लिप बाम बनाने के लिए बची हुए लिपस्टिक किसी स्टिक से निकाल लें फिर उसे माइक्रोवेव में मेल्ट कर लें। फिर उसे एक बाउल में निकाल लें। फिर इसे लिप बाम की तरह इस्तेमाल करें।

स्क्रब खत्म हो जाए तो नया स्क्रब खरीदने की जगह ब्राउन शुगर और शहद को आपस में मिला कर स्क्रब बनाएं।

गालों की ललिमा को बनाए रखने के लिए ब्लशऑन की जगह पिंक लिपस्टिक का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।अगर बॉक्स में ड्राई आईशैडो टूट गया है तो इसे जोडने़ के लिए उसमें एल्कोहल की कुछ बूंदें डालकर मिलाएं और उसी डिब्बी में जमा कर रखें।टूटे कॉम्पेक्ट को एक डिब्बी में एक साथ रख लें। फिर उसे इस्तेमाल करें।टूटी हुई लिपस्टिक को जोडने़ के लिए उसे थोड़ा गर्म करे या फिर हेयर ड्रायर चला कर टूटे हिस्सों को जोड़ दें।



# महिलाओं को डाइट

## में शामिल करना चाहिए इन चीजों को, बीमारियां रहेंगी कोसों दूर



मह्लिाओं को पीरियड्स, प्रेग्नेंसी ओर मेनोपॉज जैसी चीजों से गुजरना पड़ता है, जिस वजह से शरीर कमजोर हो जाता है। कई महिलाएं अपनी डाइट का ध्यान भी नहीं रख पाती हैं। महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। महिलाओं को स्वस्थ और फिट रहने के लिए डाइट में कुछ चीजों को शामिल करना चाहिए। इन चीजों का सेवन स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता है। आज इस लेख के माध्यम से हम आपको बताएंगे महिलाओं को किन चीजों का सेवन करना चाहिए। इन चीजों का सेवन करने से आप बीमारियों से कोसों दूर रहेंगे। अगली स्लाइड्स में जानिए महिलाओं को डाइट में किन चीजों को शामिल करना चाहिए...

### लो फैट दही

महिलाओं को लो फैट दही का सेवन करना चाहिए। लो फैट दही का सेवन स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता है। हर उम्र की महिलाओं को लो फैट दही का सेवन करना चाहिए। महिलाओं को रोजाना एक कप दही का सेवन करना चाहिए।

### बीन्स

बीन्स का सेवन स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता है। महिलाओं को डाइट में बीन्स को जरूर शामिल करना चाहिए। बीन्स में प्रोटीन और फाइबर काफी मात्रा में पाया जाता है जो शरीर को सेहतमंद बनाए रखने में सहायक होता है। बीन्स का सेवन करने से दिल की बीमारियों और ब्रेस्ट कैंसर का खतरा काफी कम हो जाता है।

### लो फैट दूध

महिलाओं को डाइट में लो फैट दूध को शामिल करना चाहिए। लो फैट दूध स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता है। लो फैट दूध में विटामिन डी काफी मात्रा में पाया जाता है, जो हड्डियों को मजबूत बनाए रखने में सहायक होता है।

### टमाटर

टमाटर का सेवन स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता है। टमाटर में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं जो शरीर को सेहतमंद बनाए रखने में सहायक होते हैं। टमाटर का सेवन करने से ब्रेस्ट कैंसर का खतरा भी काफी हो जाता है। महिलाओं को डाइट में टमाटर को जरूर शामिल करना चाहिए।

# स्वस्थ और फिट

## रहने के लिए करें पनीर का सेवन



आमतौर पर पनीर का सेवन करना सभी को पसंद होता है। पनीर स्वादिष्ट होने के साथ ही स्वास्थ्य के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। पनीर में प्रोटीन, विटामिन डी, कैल्शियम, फॉस्फोरस, फोलेट काफी मात्रा में पाया जाता है जो शरीर को सेहतमंद बनाए रखने में सहायक होते हैं। आज इस लेख के माध्यम से हम आपको पनीर के फायदे बताएंगे। पनीर का सेवन कर आप कई तरह की बीमारियों से सुरक्षित रह सकते हैं। अगली स्लाइड्स में जानिए पनीर के फायदे...

### पाचन तंत्र मजबूत होता है

पनीर का सेवन करने से पाचन तंत्र मजबूत होता है। पनीर में डायट्री फाइबर पाया जाता है जो खाने को पचाने में सहायक होता है। पाचन संबंधित समस्याओं से सुरक्षित रहने के लिए पनीर को डाइट में शामिल करें।

### हड्डियों के लिए फायदेमंद

पनीर में कैल्शियम और फॉस्फोरस काफी मात्रा में पाया जाता है जो हड्डियों को मजबूत बनाए रखने में सहायक होते हैं। हड्डियों से संबंधित समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए रोजाना कच्चे पनीर का सेवन करें।

### मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद

पनीर का सेवन मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। पनीर में ओमेगा 3 पाया जाता है, जो मानसिक विकास में सहायक होता है।

### दांतों के लिए फायदेमंद

पनीर का सेवन दांतों के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। पनीर में कैल्शियम काफी मात्रा में पाया जाता है जो दांतों को मजबूत बनाए रखने में सहायक होता है।

### वजन नियंत्रण में रहता है

पनीर का सेवन करने से वजन भी नियंत्रण में रहता है। वजन कम करने के लिए डाइट में पनीर को शामिल करें।

# रोड़वाल टोल प्लाजा पर जानलेवा हमला व रंगदारी मांगने वाला अंतर्राज्यीय गैंग बेनकाब, हरियाणा का कुख्यात बदमाश आहू समेत 4 गिरफ्तार

भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।

**रमेश चन्द** । कोटपूतली-बहरोड़ जिला पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। नीमराना पुलिस ने रोडवाल टोल प्लाजा पर जानलेवा हमला कर 50 हजार रुपये प्रतिमाह रंगदारी मांगने वाले अंतर्राज्यीय गैंग का पर्दाफाश करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त बिना नंबर की बोलेरो व वरना कार HR21- M3875 को भी जब्त कर लिया है। घटना का विवरण दिनांक 15 मई 2026 की रात करीब 11:30 बजे रोडवाल टोल प्लाजा पर दो गाड़ियों से नीमराना थाने का हिस्ट्रीशीटर मोनू उर्फ शूटर निवासी रोडवाल अपने 10-15 साथियों के साथ पहुंचा। आरोपियों ने टोल कर्मियों पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया, बूथों में तोड़फोड़ की और शीशे तोड़ दिए। हमले में टोल कर्मी अभिषेक शर्मा के सिर, मुंह और हाथ-पैरों पर गंभीर चोटें आईं। आरोपियों ने टोल प्रबंधन से 50 हजार रुपये प्रतिमाह मंथली देने की धमकी दी और नहीं देने पर टोल बंद



करवाने या जान से मारने की चेतावनी देकर फरार हो गए। टोल मैनेजर भागीरथ सिंह की रिपोर्ट पर थाना नीमराना में मुकदमा नंबर 0235/2026 धारा 109(1), 308(2), 351(3), 191(2), 111(2)(a) बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह आईपीएस के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेश कुमार खींची व वृत्ताधिकारी चारूल गुप्ता के सुपरविजन में थानाधिकारी राजेश कुमार पु.नि. के नेतृत्व में विशेष टीमें गठित की गईं। तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और साइबर सैल की मदद से पुलिस ने बावल, रेवाड़ी, भिवाड़ी, नारनौल सहित कई ठिकानों पर दबिश दी।

गिरफ्तार आरोपीगण में केशव उर्फ सोनू पुत्र देवेन्द्र कुमार यादव निवासी डोहर खुर्द, धर्मवीर उर्फ आहू पुत्र कैलाशचन्द निवासी डोहर खुर्द, मोनू उर्फ अंकित यादव उर्फ शूटर पुत्र अजयपाल निवासी रोडवाल, विशु उर्फ शूटर निवासी रोडवाल चारों पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस के अनुसार मुख्य सरगना मोनू उर्फ शूटर पहले भी टोल पर धमकी दे चुका है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है। प्रकरण में शामिल 2 फरार आरोपी रोहित व संदीप की तलाश में टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

# नांगलिया व नगरपालिका बदौंङमें भीम आर्मी-आजाद समाज पार्टी की बैठक

## महिला मोर्चा गठन को लेकर सैकड़ों महिलाओं ने लिया भाग

भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।

**रमेश चन्द** । ग्राम नांगलिया और नगरपालिका बदौंङमें रविवार को भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य महिला मोर्चा की टीम तैयार करना और महिलाओं को संगठन से जोड़ना रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों व कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। बैठक में भीम आर्मी प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र मेहरा, आजाद समाज पार्टी प्रदेश सचिव विजय कुमार सैन, भीम आर्मी पूर्व जिला अध्यक्ष कोटपुतली-बहरोङअरविंद कुमार चोरडिया, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) जिला अध्यक्ष कोटपुतली-बहरोङरविन्द्र सामरीया एडवोकेट, भीम आर्मी खैरथल-तिजारा जिलाध्यक्ष छंगाराम, समाजसेवी संदीप मास्टर, वाल्मीकि सेना अध्यक्ष अनिल वाल्मीकि, भीम आर्मी ब्लॉक अध्यक्ष बहरोड अमित कुमार गुजरवास, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष जयसिंह नारनौलिया, आईटी सैल प्रभारी राजेश कुमार, ब्लॉक उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, ब्लॉक उपाध्यक्ष राजवीर मेघवाल बदौंङ ब्लॉक सचिव भावेश कुमार, ब्लॉक महासचिव गिरधारीलाल वाल्मीकि, भीम आर्मी कार्यकर्ता पवन कुमार पोनी, मनीष कुमार शामदिया सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि महिला मोर्चा के गठन से संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूती मिलेगी। महिलाओं की भागीदारी से सामाजिक न्याय की



लड़ाई को नई दिशा मिलेगी। बैठक में चंद्रशेखर आजाद, विनय रतन सिंह, जितेंद्र हटवाल, अनिल कुमार ढेनवाल, सोनू बामणिया, महिपाल सिंह व अनिल जोंवाल के विचारों और संघर्ष को आगे बढ़ाने का आह्वान किया गया।

# नीमराना क्षेत्र में हीरो आशा फाउंडेशन के 70 केंद्रों पर 1750 बच्चों को मिल रही नि:शुल्क शिक्षा, मोलडिया सेंटर पर बांटे पोषाहार पैकेट

भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।

रमणकांत मुंजल फाउंडेशन द्वारा संचालित हीरो आशा फाउंडेशन सेंटर ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगा रहा है। फाउंडेशन के तहत पढ़ी-लिखी स्नातक पास ग्रामीण महिलाओं को रोजगार देकर सरकारी विद्यालयों में कक्षा तीसरी से आठवीं तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों को नि:शुल्क शिक्षा व स्टेशनरी उपलब्ध कराई जा रही है। नीमराना क्षेत्र के आसपास के गांवों में कुल 70 केंद्र संचालित हैं, जहां लगभग 1750 बच्चे प्रतिदिन शाम 4 बजे से 6 बजे तक दो घंटे की अतिरिक्त शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए फाउंडेशन द्वारा प्रत्येक माह स्नैक्स, बिस्किट, नमकीन आदि पोषाहार के रूप में वितरित किया जाता है। इन केंद्रों के सुचारु संचालन और निरीक्षण का कार्य नीमराना




क्षेत्र में कोऑर्डिनेटर राजकुमार सांवरिया, योगेश कुमार घिलोट एवं दीपक कुमार पिपली द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को मोलडिया सेंटर पर पोषाहार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान मेघवाल परिषद के जिला संयोजक महावीर प्रसाद चर्खिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने हाथों से प्रत्येक बच्चे को स्नैक्स, बिस्किट व नमकीन के पैकेट वितरित किए। इस दौरान महावीर चर्खिया ने कहा कि रमणकांत मुंजल फाउंडेशन का यह प्रयास ग्रामीण बच्चों के भविष्य को संवारने की दिशा में सराहनीय कदम है। इससे बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ रही है और कुपोषण से भी बचाव हो रहा है। केंद्र की शिक्षिका सुनीता छीत्तोलिया पत्नी सुनील कुमार मोलाडिया ने बताया कि फाउंडेशन के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को सम्मानजनक रोजगार मिला है और बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता में भी निरंतर सुधार हो रहा है।

# बिरला सार्वजनिक अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर विस्तार

भीम प्रज्ञा न्यूज.पिलानी।

बिरला सार्वजनिक अस्पताल के निदेशक डॉ मधुसूदन मालानी के कुशल व दूरदर्शी नेतृत्व ने पिलानी व आसपास के गांवों आमजन को उच्च स्तर की स्वास्थ्य सेवाएं देने के उच्चतम आयाम स्थापित करते हुए डॉ लोकेश कुमार जांगीड़ , जनरल एवं लेप्रेस्कोरपिक सर्जन के रूप में नियमित सेवाएं देंगे । डॉ जांगीड़ के बिरला सार्वजनिक अस्पताल में नियुक्त होने पर लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, पेट की गंभीर चोटें, एक्सीटेंड व अन्य आपातकालीन सेवाएं , स्तन व थाइराइड कैंसर का विशेष उपचार , पेट , आंत और लीवर से जुड़ी जटिल सर्जरी, हाइड्रोसिल, अपेंडिक्स, बावासीर व मवाद जैसी बीमारियों से ग्रसित मरीज को अब जयपुर की तरफ रूख नहीं करना पड़ेगा । डॉ जांगीड़ का अस्पताल परिवार में स्वागत करते हुए डॉ मालानी ने कहा कि शेखावाटी के एसएमएस के नाम से मशहूर बिरला सार्वजनिक अस्पताल अपने नाम के अनुरूप पिलानी व आसपास के क्षेत्र के आमजन को सस्ती व उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है। इस अवसर पर अस्पताल के सीएमओ डॉ आरके जैन व अस्पताल के सभी डाक्टर उपस्थित थे।



# भालेरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 8.5 किलो अवैध गांजे सहित आरोपी गिरफ्तार

भीम प्रज्ञा न्यूज.सरदारशहर।

सरदारशहर के तारानगर रोड स्थित क्षेत्र में भालेरी पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए 8.5 किलो अवैध गांजा बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को उस समय दबोचा जब वह मादक पदार्थ बेचने की फिराक में घूम रहा था। भालेरी थाना अधिकारी मंगूराम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी भालेरी निवासी भगवानाराम जाट (67) है, जिसे सरदारशहर मुख्य रोड से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 8.5 किलो अवैध गांजा बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार क्षेत्र में लगातार रात्रिकालीन गश्त बढ़ाई गई है, जिसके चलते अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास का माहौल बना है। थाना अधिकारी ने कहा कि भालेरी पुलिस अवैध मादक पदार्थ, जुआ-सट्टा और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है, जिससे इलाके में शांति व्यवस्था मजबूत हुई है। इस कार्रवाई को भालेरी पुलिस और एएनटीएफ बीकानेर की संयुक्त टीम ने अंजाम दिया। कार्रवाई में थाना अधिकारी मंगूराम के साथ कांस्टेबल रुपाराम सहित पुलिस टीम की अहम भूमिका




रही। थाना अधिकारी मंगूराम ने बताया कि उनके भालेरी थाने में पदभार संभालने के बाद से क्षेत्र में बड़ी आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगा है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यदि इलाके में कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत भालेरी पुलिस थाने के हेल्पलाइन नंबरों पर सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# अटेली के 132 केवी सब स्टेशन यार्ड के बाहर आउट गोईंग केबलों में आग लगी, लाखों रुपए की केबल जली

## लाखों रुपए का हुआ नुकसान, 16 फीडरों व 11 केवी के कांटी, गढ़ी-महासर, बजाड़ ,अटेली सिटी समेत 50 से अधिक गांवों में बिजली हुई बाधित



भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।

हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम अटेली के 132 केवी सब स्टेशन यार्ड के बाहर आउट गोईंग केबलों में तेज गर्मी व स्पार्किंग के चलते सोमवार दोपहर को आग लग गई। इससे अटेली के 132 केवी स्टेशन से जाने वाले 16 फीडरों व 11 केवी के कांटी, गढ़ी-महासर, बजाड़ में भी बिजली बाधित हो गई। आग के चलते अटेली से जुड़े अटेली सिटी समेत 50 से अधिक गांवों में बिजली हुई बाधित। आग से करीब 15 से 20 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। समाचार लिखे जाने तक हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम, व दक्षिण हरियाणा बिजली निगम के आला अधिकारी मौके पर पहुंच कर जली हुई केबल व लाइन को सुचारू करने में लगे हुए थे।जानकारी के अनुसार दोपहर दो बजे बाद अटेली के 132 केवी सब स्टेशन यार्ड के बाहर आउट गोईंग केबल में स्पर्किंग के चलते आग लग गई। सब स्टेशन के इंचार्ज गोविंद कुमार की तत्परता व दूसरे कर्मियों के चलते आग पर काबू पाने का प्रयास किया। इस बीच फायर ब्रिगेड को भी सूचना प्रेषित कर दी। मौके पर पहुंच कर फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। आग की तेज लपटों व हवा के चलते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। लेकिन सब स्टेशन पर रखे फायर के यंत्रों व दूसरे साधनों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग की सूचना पा कर हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम के एसडीओ सोमवीर व अटेली उपमंडल अधिकारी दीपक कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच कर जली केबलों को चेक किया व लाइनमैन,जेई की ड्यूटी लगा कर अपने-अपने फीडरों को टेस्टिंग करने के निर्देश दिये। एसडीओ ने बताया कि मेगर मंगवा कर लाइन को चेक किया जा रहा है। सब स्टेशन के इंचार्ज गोविंद कुमार ने बताया कि यार्ड व आस-पास में साफ-सफाई के चलते आग का फैलाव ज्यादा नहीं हो सका।

# सेवा और परोपकार के लिए जाने जाते हैं लक्ष्मणगढ़ के इनकम टैक्स व जीएसटी सलाहकार एडवोकेट प्रदीप एम पारीक

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।

**बाबूलाल सैनी** । कानून के दांव-पेंच में उलझाने और सुलझाने वाले और साथ मे ही इनकम टैक्स व जीएसटी कंसल्टेंट में महारथ हासिल करने वाले लक्षमनगढ के प्रदीप एम पारीक सेवा और परोपकार के लिए भी बखूबी जाने जाते हैं एवं अपने कार्य क्षेत्र में बड़े ही विनम्र स्वभाव के लिए जाने जाते हैं तथा सामाजिक व धार्मिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। ज़ी हां हम बात कर रहे सदाबहार मौहल्ले में रहने वाले व कबूतरिया कुआं के पास स्थित आफिस प्रदीप मुरारी लाल एंड कंपनी का संचालन करने वाले एडवोकेट प्रदीप एम पारीक की । 19 अक्टूबर 1975 को जन्मे एडवोकेट पारीक शेखावाटी अंचल के प्रतिष्ठित अधिवक्ता हैं तथा आयकर व जीएसटी सलाहकार के रूप में अपनी सेवाएं देने के साथ ही समाज में अपनी विशिष्ट पहचान बनाये हुए हैं। अपनी प्रारम्भिक शिक्षा बगड़िया स्कूल से शुरू करने वाले पारीक बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि और प्रतिभाशाली रहें। 1993 में प्रथम श्रेणी से सीनियर कॉमर्स स्टूडेंट के रूप में उत्तीर्ण करने के बाद तोदी महाविद्यालय से 1996 में बी. कॉम की डिग्री हासिल कर वर्ष 2000 में श्री कल्याण कालेज सीकर से कानून की डिग्री हासिल करते रहने के साथ वकालत व कर सलाहकार के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता महेश होलानी सीकर के सानिध्य में प्रैक्टिस शुरू की तथा कड़ी मेहनत,लगन के साथ करीब साढ़े चार वर्षों तक प्रशिक्षण हासिल करने के बाद लक्षमनगढ में कबूतरिया कुआं के पास अपनी आफिस शुरू कर आयकर व जीएसटी संबंधी मामलों के विशेषज्ञ के रूप में अपनी पहचान बनाई। वर्तमान में इनके आफिस में 8 से 10 कर्मचारी एवं आर्टिकल्स के साथ व्यापक स्तर पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। एवं पढ़ने में विशेष रुचि रहने के कारण वकालत की डिग्री प्राप्त करने के पश्चात इन्होंने प्राइवेट रूप में तो डी कॉलेज महाविद्यालय से एमकॉम की डिग्री भी हासिल की ।



कर सलाहकार एडवोकेट प्रदीप एम पारीक की सेवाएं प्रतिष्ठित संस्थाओं एवं संगठनों को प्राप्त हो रही है जिनमें मुख्य रूप से बगड़िया स्कूल, नगरपालिका मंडल लक्षमनगढ, आईटीआई संस्थान, विभिन्न शिक्षण संस्थाओं, ट्रेज़री कार्यालय, पीएचडी आफिस लक्षमनगढ व नेछवा,श्री रघुनाथ अस्पताल ग्राम पंचायत नरोड़ना एवं मंगलूना जिला अस्पताल लक्ष्मणगढ़ सहित अनेकों संस्थाएं शामिल हैं। एडवोकेट पारीक का पारिवारिक व सांस्कृतिक परिवेश काफी समृद्ध रहा है। आपके पिताश्री स्व.मुरारीलाल पारीक व ताऊजी स्व. रामगोपाल पारीक अपने समय के अग्रणी आयकर सलाहकारों में रहें हैं तथा लगभग चार दशक तक असम में आयकर प्रैक्टिशनर रहें। आपकी माताश्री स्व.श्रीमती प्रेमलता पारीक धार्मिक, शांत व सरल स्वभाव की विदुषी महिला थी जो उस जमाने में इंग्लिश मीडियम 6 क्लास तक मुंबई में अध्ययन कर चुकी थी जिनसे एडवोकेट पारीक को प्रारंभिक अंग्रेजी ज्ञान व संस्कार मिले। एडवोकेट पारीक की धर्मपत्नी श्रीमती शर्मिला पारीक अंग्रेजी मीडियम एम ए साहित्य तक शिक्षित हैं तथा शादी से पूर्व महिला को-ऑपरेटिव बैंक जयपुर में कार्यरत रहीं तथा बाद में त्याग पत्र देकर पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में जुट गई । एडवोकेट पारीक की पुत्री खुशी पारीक वर्तमान में मोदी संस्थान में बीए एलएलबी की पंचवर्षीय विधार्थी है तथा लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है। जबकि इनके पुत्र हार्दिक पारीक सीए फाउण्डेशन उत्कृष्ट अंकों से उत्तीर्ण कर सीए इंटर की तैयारी कर रहे हैं। एडवोकेट पारीक साहित्य, कविता एवं लेखन में विशेष रूचि रखते हैं। एडवोकेट पारीक लक्षमनगढ पारीक पंचायत में युवा प्रकोष्ठ में मंत्री व प्रवक्ता, सदाबहार लोक नृत्य विकास समिति में विभिन्न पदों पर सक्रिय सहभागिता, सप्तऋषि भवन में उपमंत्री रखरखाव व सार-संभाल, लक्षमनगढ सेवा परिषद में उपाध्यक्ष व कानूनी सलाहकार, लक्षमनगढ नागरिक परिषद युवा प्रकोष्ठ के सदस्य, राजस्थान ब्राह्मण महासभा के आजीवन सदस्य, शारदा सदन पुस्तकालय में पूर्व उपमंत्री, लक्षमनगढ पुलिस थाने की सीएलजी सदस्य व जिला स्तरीय समिति के मनोनीत सदस्य, फास्ट ट्रैक एंटी करंप्सन एंड ह्यूमन राइट्स के राष्ट्रीय महासचिव का दायित्व लगभग ढाई वर्ष बखूबी निभाया और समय अभाव के कारण संस्था को विनम्रता के साथ अपना त्यागपत्र सौंप दिया एडवोकेट पारीक छ: भाई बहनों में सबसे छोटे है । इनकी सबसे बड़ी बहन सरला देवी सांवरमल पारीक रामगढ़ शेखावाटी,मंजू देवी मोतीलाल पारीक नीमकाथाना पूर्व बीसीएमओ आर्युवेद विभाग, बड़े भाई राजेश कुमार, ललित कुमार व नवीन कुमार है । ललित कुमार पिछले तीन दशक से गायत्री व्यायामशाला हनुमान मंदिर के संचालन, रखरखाव व धार्मिक आयोजन में अहम व महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। एडवोकेट पारीक पिछले करीब अढ़ाई दशक से इनकम टैक्स व जीएसटी सलाहकार के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाये हुए हैं तथा धार्मिक, सांस्कृतिक, सेवा और परोपकार के क्षेत्र में भी अपनी विशिष्ट भूमिका लक्षमनगढ में निभा रहे हैं।

# नांदना की पहाड़ियों में धधकी आग, चार हैक्टेयर वन क्षेत्र राख; दमकलें चढ़ाई में फंसी तो ट्रैक्टरों से चला राहत अभियान

## महवा-मंडावर के साथ अलवर वन विभाग की संयुक्त टीम ने घंटों मशक्कत के बाद पाया काबू

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।

**मनोज खंडेलवाल** । उपखंड क्षेत्र के समीप स्थित नादना गांव की पहाड़ियों में सोमवार दोपहर अचानक भड़की भीषण आग ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। तेज गर्मी, सूखी झाड़ियों और पहाड़ी क्षेत्र में फैली घास के कारण आग देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर गई और करीब चार हैक्टेयर क्षेत्र आग की चपेट में आ गया। पहाड़ियों से उठते धुएं के गुबार दूर-दूर तक दिखाई देने लगे, जिससे आसपास के ग्रामीण इलाकों में दहशत का माहौल बन गया। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ समय के लिए स्थानीय प्रशासन और वन विभाग के अधिकारियों के भी हाथ-पांव फूल गए। सूचना मिलते ही मंडावर-महवा वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन पहाड़ी क्षेत्र की ऊंचाई और दुर्गम रास्तों ने राहत कार्य को चुनौतीपूर्ण बना दिया। प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह पहाड़ियों के समीप खेतों में जलाया गया कचरा माना जा रहा है, जिसकी चिंगारियों ने सूखी वनस्पति को अपनी चपेट में ले लिया। तेज हवा के चलते आग लगातार फैलती रही और हालात बिगड़ते चले गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अलवर जिला क्षेत्र से भी वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, वहीं महवा और राजगढ़ से दो दमकलें भी घटनास्थल



पहाडी पर लगी भीषण आग की उठती लपटे


पर भेजी गईं। हालांकि पहाड़ी की अधिक ऊंचाई और कठिन भूभाग के कारण दमकलों के पाइप आग तक नहीं पहुंच सके, जिससे आग बुझाने में काफी परेशानी हुई। इसके बाद वन विभाग और ग्रामीणों ने पारंपरिक संसाधनों का सहारा लेते हुए ट्रैक्टरों में लगी खेतों में दवाई छिड़कने वाली मशीनों का उपयोग शुरू किया। ग्रामीणों और वन विभाग की संयुक्त मेहनत से लगातार कई घंटों तक राहत एवं बचाव अभियान चलाया गया और आखिरकार शाम करीब पांच बजे आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। वन विभाग मंडावर के वन मित्र छोटेलाल मीना ने बताया कि यदि समय रहते संयुक्त प्रयास नहीं किए जाते तो आग और बड़े क्षेत्र को अपनी चपेट में ले सकती थी। उन्होंने बताया कि पूरी कार्रवाई के दौरान टीम ने सतर्कता और समन्वय के साथ काम किया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया।

घटना के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों में चिंता और भय का माहौल बना रहा। प्रशासन और वन विभाग ने लोगों से पहाड़ी क्षेत्रों में कचरा या सूखी घास के पास आग नहीं लगाने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि या आगजनी की सूचना तत्काल विभाग को देने की अपील की है। फिलहाल आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया है, लेकिन एहतियात के तौर पर पूरे क्षेत्र पर लगातार नजर रखी जा रही है। राहत अभियान में फोरेस्टर लाखनसिंह, वनरक्षक किशनसहाय, भगवान सहाय, वनमित्र जगदीश सैनी और छोटेलाल मीना सहित अलवर वन विभाग की टीम के सहायक वनपाल हरकेश मीना, वनरक्षक पिंटू मीना और हरिश शर्मा ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# भीषण गर्मी में बिजली संकट पर विधायक राजेन्द्र मीना सक्रिय, 20 मई को होगा संयुक्त सर्वे, नई भूमिगत केबल डालने की तैयारी तेज

## केबल फॉल्ट से अंधेरे में मंडावर, अब रेलवे-विद्युत विभाग की संयुक्त टीम करेगी समाधान की राह तय

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।



**मनोज खंडेलवाल ।** महवा विधानसभा क्षेत्र के मंडावर कस्बे में पिछले कई दिनों से जारी बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या के पीछे अब बड़ा तकनीकी कारण सामने आया है। मंडावर सिटी फीडर की विद्युत आपूर्ति रेलवे ट्रैक के नीचे से गुजर रही भूमिगत विद्युत केबल में आई खराबी के कारण बाधित चल रही है। यह तकनीकी फॉल्ट रेलवे लाइन दोहरीकरण कार्य के दौरान सामने आया, जिसके चलते क्षेत्र के हजारों उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी के बीच परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लगातार बढ़ती गर्मी और उमस के बीच बिजली संकट ने आमजन की दिनचर्या को प्रभावित कर दिया, वहीं पेयजल आपूर्ति, घरेलू कार्य और छोटे कारोबार भी प्रभावित होने लगे थे।

इसी बीच महवा विधायक राजेन्द्र मीना ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से पूरे मामले की जानकारी साझा करते हुए बताया कि आमजन को राहत देने के लिए फिलहाल वैकल्पिक व्यवस्था के तहत ऐदलपुर फीडर से चौबीस घंटे थ्री-फेज विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से संचालित करवाई जा रही है, ताकि मंडावर क्षेत्र में जनजीवन पूरी तरह प्रभावित न हो। विधायक ने कहा कि विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी लगातार मौके पर निगरानी रखते हुए आपूर्ति व्यवस्था बनाए रखने में जुटे हुए हैं। विधायक ने बताया कि यह केवल अस्थायी समाधान नहीं बल्कि स्थायी राहत दिलाने की दिशा में भी तेजी से कार्यवाई शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में सोमवार को उन्होंने उत्तर मध्य रेलवे आगरा मंडल के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर विस्तृत चर्चा कर समस्या के तकनीकी पहलुओं और समाधान को लेकर वार्ता की। चर्चा के बाद निर्णय लिया गया कि आगामी 20 मई 2026 बुधवार को रेल विभाग, विद्युत विभाग और मंडावर राजस्व विभाग सहित संबंधित विभागों की संयुक्त टीम मौके पर पहुंचकर विस्तृत सर्वे करेगी। सर्वे रिपोर्ट तैयार होने के बाद उसे उत्तर मध्य रेलवे आगरा मंडल को भेजा जाएगा और विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी होते ही विद्युत विभाग मंडावर द्वारा नई 11KV 3C*185 SQMM XLPE भूमिगत विद्युत केबल डालने का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। विधायक ने भरोसा दिलाया कि नई केबल लाइन बिछने के बाद मंडावर सिटी फीडर से जुड़े सभी विद्युत उपभोक्ताओं को पुनः निर्बाध और स्थायी विद्युत आपूर्ति मिल सकेगी। उन्होंने वर्तमान तकनीकी परिस्थितियों के कारण हो रही असुविधा पर आमजन से क्षमा मांगते हुए कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और महवा विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक जनसमस्या के समाधान के लिए वे हमेशा प्रतिबद्ध और प्रयासरत रहे हैं। मंडावर क्षेत्र में बिजली संकट को लेकर चल रही चर्चाओं और लोगों की बढ़ती नाराजगी के बीच विधायक की सक्रियता को अब समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## चंपा देवी स्कूल अटेली का शत प्रतिशत परिणाम आने पर अटेली शहर के लोगों द्वारा स्कूल प्राचार्य, स्टाफ को किया सम्मानित

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।



**मनोज बुलाण ।** चंपा देवी राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंडी अटेली का शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम आने पर सोमवार को मंडी अटेली शहर के गणमान्य लोगों व एसएमसी ने प्राचार्य, स्कूल स्टाफ को सम्मानित किया। मेडिकेयर सुमित गोयल ताजपुरिया की ओर से स्कूल को मेडिकल किट भी प्रदान की। अटेली शहर के गणमान्य लोगों ने स्कूल प्राचार्य समेत स्टाफ का फूलमालाओं व मिठाई खिला कर स्वागत अभिनंदन किया। एसएमसी सदस्य व रिटायर्ड लेक्चरर विजय कुमार, पार्षद प्रतिनिधि विरेंद्र, शिव कुमार पंडित, बबली शर्मा, सोनिया सोनी विशेष रूप से मौजूद रहे। मेडिकेयर सुमित गोयल ताजपुरिया ने कहा कि स्कूल प्राचार्य कुसुमलता व स्कूल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा है। स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत के साथ 15 मैरिट भी रही है। मंच संचालन नवरतन ने किया। एसएमसी सदस्य व रिटायर्ड लेक्चरर विजय कुमार ने कहा कि स्कूल का अनुशासन व दूसरी गतिविधियों में भी स्कूल अव्वल रह कर छात्रों का सर्वांगीण विकास करने में विशेष कार्य कर रहे है। इस मौके पर लेक्चरर कमलेश, कविता, पूनम, नेहा, शार्मिला, सुनिल कुमार, विजय सैनी, राजेश कुमार, साहिब सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों का किया जा रहा निस्तारण: एसडीएम

भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।



**रजत विजय रंगा ।** एसडीएम आकाश शर्मा ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिला एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि आमजन को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। एसडीएम आकाश शर्मा ने सोमवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में आयोजित उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को मामलों के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। शिविर में कुल 5 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 4 आवेदन परिवार पहचान पत्र में दर्ज विवरणों में त्रुटियों के सुधार से संबंधित थे, जबकि 1 आवेदन खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय से संबंधित था। एसडीएम ने बताया कि प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि सभी पात्र नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो। विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्राप्त शिकायतों की गंभीरता से जांच कर उनका निर्धारित समय-सीमा में समाधान किया जाए, ताकि किसी भी नागरिक को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र में आय संबंधी संशोधन, नए सदस्यों का पंजीकरण, राशन कार्ड, बिजली विभाग तथा पुलिस विभाग से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाता है। एसडीएम ने आमजन से आह्वान किया कि वे अपनी किसी भी समस्या के समाधान के लिए समाधान शिविर में उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सोमवार और वीरवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जनता की समस्याएं सुनी जाती हैं।

## बाबा बुध नाथ का भंडारा बोचडिया में 20 को

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।

गांव बोचडिया में बाबा बुध नाथ के सभी भक्तजनों को ओर से बाबा बुध नाथ का भंडारा व जागरण 20 मई कल होगा। जानकारी देते हुए कमेटी प्रधान अमीलाल व संदीप लोटस राव ने बताया कि अरुण बोस एंड पार्टी द्वारा बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे जागरण सुबह 10 बजे से शाम तक चलेगा जागरण में कमेटी के सदस्य शीशराम, राजवीर, रूपचन्द आदि की विशेष जिम्मेदारी लगाई गई है।

## रसगन धाम में 41 दिवसीय पंच धूणी तप साधना का भव्य समापन

### स्वामी बालकादेवाचार्य महाराज का भगवान परशुराम की प्रतिमा भेंट कर सम्मान

भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।

**रमेश चन्द ।** रसगन धाम में आयोजित 41 दिवसीय पंच धूणी तप साधना का रविवार को भव्य धार्मिक आयोजन के साथ समापन हुआ। समापन अवसर पर ब्राह्मण समाज अध्यक्ष एवं जसाई सरपंच विरेंद्र पंडित ने पूज्य स्वामी बालकादेवाचार्य महाराज का भगवान परशुराम जी की प्रतिमा भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। धार्मिक मंत्रोच्चार और भजन-कीर्तन के बीच संत महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। वक्ताओं ने कहा कि पंच धूणी जैसी तप साधनाएं समाज में आध्यात्मिक चेतना और संस्कारों को मजबूत करती हैं। ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को धर्म और संस्कृति से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर यादवेन्द्र उपाध्याय, सत्यनारायण शर्मा, रामबाबू शर्मा, ईशवर गौतम, रामपाल शर्मा एवं पवन शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।




## नीला सिलेंडर दिखावे में, पीछे लाल सिलेंडर का खेल! शहर के बीचोंबीच खुलेआम जल रही घरेलू गैस पर उठे बड़े सवाल

### कानून की आंखों पर पट्टी है या स्वाद का असर भारी ', अलवर में मशहूर छोले-कुल्छे की रेहड़ी पर घरेलू गैस के व्यवसायिक इस्तेमाल का मामला चर्चा में।

भीम प्रज्ञा न्यूज.अलवर।

**मनोज खंडेलवाल ।** कहते हैं, 'जब रखवाले ही आंख मूंद लें तो चौकियों से भी रास्ते निकल आते हैं।' कुछ ऐसा ही नजारा इन दिनों अलवर शहर के रोड नंबर-2 क्षेत्र में देखने को मिल रहा है, जहां एक ओर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरान-अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के चलते पेट्रोलियम उत्पादों और घरेलू एलपीजी गैस को लेकर आशंकाओं का माहौल बना हुआ है, वहीं दूसरी ओर शहर के बीचोंबीच घरेलू गैस के लाल सिलेंडरों का खुलेआम व्यवसायिक उपयोग सरकारी व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर रहा है। मामला शहर के वर्षों पुराने और मशहूर 'भगत जी छोले कुल्छे' विक्रेता से जुड़ा है, जहां दुकान के आगे लगी रेहड़ी पर छोले-कुल्छे बनाने के लिए दिखावे के लिये तो आगे व्यवसायिक उपयोग वाला नीला सिलेंडर लगाया गया है, लेकिन रेहड़ी के पीछे भारत गैस लिखा घरेलू लाल सिलेंडर खुलेआम धड़ल्ले से व्यवसायिक काम में लिया जा रहा है। विडंबना यह है कि यह पूरा खेल शहर के उस हिस्से में चल रहा है, जहां आसपास कई सरकारी कार्यालय स्थित हैं और दिनभर विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों की आवाजाही बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई अधिकारी और कर्मचारी स्वयं भी यहां छोले-कुल्छे खाने या पैक कराने आते हैं, लेकिन इसके बावजूद घरेलू गैस के इस खुलेआम व्यवसायिक उपयोग पर किसी की नजर नहीं पड़ना कई तरह के सवाल खड़े कर रहा है। सरकार की ओर से घरेलू गैस सिलेंडर के व्यवसायिक उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है और ऐसा करते पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई, जुर्माना और दंड का स्पष्ट प्रावधान भी है। इसके बावजूद यदि शहर के बीचोंबीच इस तरह नियमों की धज्जियां उड़ रही हैं तो यह केवल लापरवाही नहीं बल्कि व्यवस्था की कार्यशैली पर भी गंभीर टिप्पणी मानी जा रही है। ग्रामीण कहावत है, 'ऊंट के मुंह में जीरा और नियम किताबों में ही घीरा।' आम उपभोक्ता जहां समय पर घरेलू गैस सिलेंडर मिलने और बढ़ती कीमतों से परेशान है, वहीं कुछ लोग घरेलू गैस को व्यवसायिक उपयोग में लेकर सरकारी नियमों को चुनौती देते नजर आ रहे हैं। सवाल यह भी उठ रहा है कि आखिर जिम्मेदार विभागों की कार्रवाई इस मामले में अब तक क्यों नहीं हुई। क्या स्वाद के आगे नियम कमजोर पड़ गए हैं, या फिर किसी अदृश्य संरक्षण की छांव में यह खेल लम्बे समय से चलता आ रहा है। लोगो का कहना है कि शहर में इस मामले को लेकर चर्चाओं का दौर तेज है।



## डीपीई और पीटीआई अध्यापकों के लिए तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शुरू

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।



**रजत विजय रंगा ।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी और जिला योग कोऑर्डिनेटर के नेतृत्व में जिले के सभी डीपीई, पीटीआई अध्यापकों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण आयुष विभाग की योग विशेषज्ञ अंबिका पांटा और आयुष योग सहायकों की टीम द्वारा दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य सभी डीपीई, पीटीआई अध्यापकों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के योग कार्यक्रम के लिए प्रशिक्षित करना है ताकि उनके माध्यम से सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों को यह प्रशिक्षण दिलवाया जा सके। जिससे प्रत्येक स्कूल का हर बच्चा योग का लाभ ले सकेगा। आधुनिक जीवन शैली के बढ़ते चलन के कारण बहुत सी लाइफस्टाइल डिजीज योग के माध्यम से ठीक की जा सकती है, जिससे बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर होगा। उनकी दिनचर्या सही होगी जिससे शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक और बौद्धिक विकास भी होगा। इस अवसर पर योग विशेषज्ञ और योग सहायक की टीम द्वारा द्वारा सूक्ष्म क्रियाएं, ताड़ासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, पवनमुक्त आसन, सेतुबंद आसन, कपालभाति क्रिया, अनुलोम विलोम प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम और ध्यान आदि की क्रिया करवाई गई। यह योग प्रशिक्षण शिविर अगले दो दिन और चलेगा।

# ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्धः सुभाष बराला

## राज्यसभा सांसद ने मुंदलिया और दमकौरा में विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन; ग्रामीणों को दी सौगात

### गांव मुंदलिया में बस स्टैंड और दमकौरा में नवनिर्मित ग्राम सचिवालय का किया भव्य उद्घाटन

भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना/जाखल।





**रजत विजय रंगा ।** राज्य और केन्द्र सरकार गांवों को आधुनिक सुविधाओं से सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार का लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी शहरों जैसी मूलभूत एवं आधुनिक सुविधाएं अपने गांव में ही उपलब्ध हों, ताकि ग्रामीण जीवन अधिक सुगम, सुविधाजनक और आत्मनिर्भर बन सके। यह बात राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने सोमवार को पंचायत फंड स्कीम के अंतर्गत गांव मुंदलिया और दमकौरा में विभिन्न जनहितकारी विकास परियोजनाओं के उद्घाटन अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने गांव मुंदलिया में लगभग 19 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित बस स्टैंड तथा 10 लाख रुपये की लागत से तैयार की गई 'साझी छत बैठक' का लोकार्पण किया। इसके पश्चात उन्होंने गांव दमकौरा में लगभग 58 लाख रुपये की लागत से निर्मित आधुनिक ग्राम सचिवालय तथा करीब 43 लाख रुपये की लागत से बनी गांव की पक्की फिरनी का उद्घाटन कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी। सांसद सुभाष बराला ने कहा कि केंद्र एवं हरियाणा सरकार ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गांवों में सड़कों, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल तथा डिजिटल सेवाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दे रही है। सरकार की योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को आत्मनिर्भर और सुविधासंपन्न बनाना है, ताकि लोगों को मूलभूत सेवाओं के लिए शहरों पर निर्भर न रहना पड़े। उन्होंने कहा कि गांव मुंदलिया में नवनिर्मित बस स्टैंड बनने से विद्यार्थियों, कामकाजी लोगों, महिलाओं तथा बुजुर्गों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। अब ग्रामीणों को परिवहन संबंधी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा तथा यात्रियों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित प्रतीक्षा स्थल उपलब्ध हो सकेगा। यह बस स्टैंड गांव की संपर्क व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ ग्रामीणों के दैनिक जीवन को भी अधिक सुगम बनाएगा। उन्होंने कहा कि 'साझी छत बैठक' ग्रामीणों के सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन को नई दिशा देने का कार्य करेगी। यह स्थान गांव में सामाजिक बैठकों, सामुदायिक कार्यक्रमों, पारिवारिक आयोजनों तथा आपसी विचार-विमर्श के लिए उपयोगी सिद्ध होगा और गांव में सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देगा। राज्यसभा सांसद ने कहा कि गांव दमकौरा में आधुनिक ग्राम सचिवालय बनने से पंचायत कार्यों के संचालन में पारदर्शिता और सुगमता आएगी। ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, प्रमाण पत्रों तथा प्रशासनिक सेवाओं के लिए बार-बार अन्य स्थानों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, बल्कि अधिकांश सुविधाएं गांव स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेंगी।

उन्होंने कहा कि गांव की पक्की फिरनी बनने से ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। बरसात के मौसम में कीचड़ और जलभराव जैसी समस्याओं से निजात मिलेगी तथा गांव के अंदर वाहनों और पैदल आने-जाने वालों के लिए रास्ते अधिक सुरक्षित एवं सुगम बनेंगे। इस अवसर पर सांसद ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर गांव मुंदलिया के सरपंच कुलदीप सिंह संधू, गांव दमकौरा के सरपंच कर्मजीत सिंह, मंडल अध्यक्ष रमन मड़िया, वेद जांगड़ा, एसईपीओ माया गोदारा, सचिव विजय भाटिया, एबीपीओ अरुण, कृष्ण नैन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## नीमराना के पीएनबी कृषक प्रशिक्षण केंद्र में 'रालसा वन एवं बालिका 2025' के तहत जागरूकता शिविर व वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण की दिलाई शपथ

भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।




**रमेश चन्द ।** पंजाब नेशनल कृषक प्रशिक्षण केंद्र नीमराना में सोमवार को राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा संचालित 'रालसा वन एवं बालिका 2025 - सृजन की सुरक्षा योजना' के अंतर्गत सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण को लेकर जागरूकता शिविर व वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन, विद्यार्थियों एवं युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदार बनाना तथा सार्वजनिक सेवाओं के महत्व से अवगत कराना रहा। शिविर में पीएलवी सुनील कुमार ने कंप्यूटर शिक्षा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों एवं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण मानव जीवन के लिए अनिवार्य है। बढ़ते प्रदूषण, जल संकट और घटते वन क्षेत्र के कारण पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ रहा है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाए। उन्होंने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, जल संरक्षण करने तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का आह्वान किया। सुनील कुमार ने सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं जैसे स्वच्छ पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, परिवहन, स्वच्छता एवं शिक्षा के महत्व पर भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन सेवाओं का सही उपयोग एवं संरक्षण समाज के समग्र विकास के लिए जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों व उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई तथा परिसर में पौधारोपण कर हरित वातावरण का संदेश दिया गया। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया। आयोजकों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि निरंतर निभाई जाने वाली सामाजिक जिम्मेदारी है। यदि प्रत्येक व्यक्ति छोटे-छोटे सकारात्मक प्रयास करे तो आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं हरित वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है।

इस अवसर पर पंजाब नेशनल कृषक प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक कैलाश मेहरिया, कृषि विशेषज्ञ कृष्ण प्रभात, कंप्यूटर शिक्षक अमन सिंह, मनजीत कुमार, कमला देवी, भूतेरी देवी, गौरव, मोहिनी, प्राची, मनीष, प्रिया, शिवानी, विशाल, दीपिका, निशा, शीतल सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी, कृषक प्रशिक्षणार्थी एवं बैंक स्टाफ मौजूद रहे।

## बगराना-टोडी डिपो से 75-75 बसें चलेंगी:6 साल का इंतजार खत्म

### जयपुर पहुंची 3 ई-बसें, अब 12 दिन में 75 और आएंगी

भीम प्रज्ञा न्यूज

**जयपुर ।** शहरवासियों को 6 साल से दिखाया जा रहा इलेक्ट्रिक बसों का सपना अब पूरा होने जा रहा है। लंबे इंतजार के बाद सोमवार से जेसीटीएसएल के बगराना डिपो पर तीन इलेक्ट्रिक बसें पहुंची। इसी माह में 72 और बसें आएंगी। यहां से 75 बसों का संचालन होगा। पहले चरण में कुल 150 ई-बसें आएंगी। डिपो में चार्जिंग स्टेशन का काम भी लगभग पूरा हो चुका है। आरटीओ रजिस्ट्रेशन पूरा होते ही बसें सड़क पर दौड़ने लगेंगी। उम्मीद है कि अगले 30 दिनों में राजधानी के लोग ई-बसों में यात्रा कर सकेंगे। एक सप्ताह तक ड्राइवरों को ट्रेनिंग दी जाएगी।

### कंपनी के होंगे बस ड्राइवर, जेसीटीएसएल के कंडक्टर

संचालन ग्रॉस कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट (जीसीसी) पर होगा। ड्राइवर चार्टर्ड मोबिलिटी कंपनी के होंगे व कंडक्टर जेसीटीएसएल के। राजस्व जेसीटीएसएल के पास रहेगा। कंपनी को 9 मीटर की बसों का 61 और 12 मीटर की बसों का 72 रुपए प्रति किमी से भुगतान होगा। केंद्र सरकार क्रमशः 22 और 24 रुपए सबसिडी देगी। बाकी भुगतान जेसीटीएसएल-राज्य सरकार करेगी। हर दिन 200 किमी चलेगी बसें: 9 मीटर बस का हर दिन 180 किमी और 12 मीटर का 200 किमी चलना अनिवार्य होगा। इसका आकलन जीपीएस से होगा।

# राजस्व मामलों में त्वरित निपटान और पारदर्शिता सुनिश्चित होनी चाहिए: फतेहाबाद डीसी

## जनसंवाद, सीएम विंडो और एसएमजीटी पोर्टल की शिकायतों का समयबद्ध समाधान करने के दिए निर्देश

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले राजस्व अधिकारियों को डीसी ने प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।



**रजत विजय रंगा ।** डीसी डॉ. विवेक भारती ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे नागरिकों को मिलने वाली सेवाओं की समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करें तथा आमजन को किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जनसंवाद, सीएम विंडो और एसएमजीटी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए और प्रत्येक शिकायत का स्पष्ट टिप्पणी के साथ संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। डीसी सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उन्होंने विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि नागरिकों को राजस्व सेवाएं सरल, सुगम और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध हों, इसलिए सभी अधिकारी अपने कार्यों में गंभीरता और संवेदनशीलता बरतें। बैठक के दौरान डीसी डॉ. विवेक भारती ने इंतकाल, जमाबंदी, ततीमा कटिंग सहित राजस्व विभाग से जुड़े विभिन्न कार्यों की प्रगति रिपोर्ट ली। उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निपटान पर विशेष जोर देते हुए कहा कि पुराने कोर्ट केस और राजस्व विवादों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए ताकि लोगों को समय पर राहत मिल सके। डीसी ने अधिकारियों से कहा कि राजस्व रिकॉर्ड के कार्यों में तेजी लाएं और सभी मामलों का निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फील्ड स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग करें और जनता की समस्याओं के समाधान में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं। बैठक के डीसी ने उत्कृष्ट कार्य पर टोहाना एसडीएम आकाश शर्मा, नायब तहसीलदार अनिल कुमार, हरीश कुमार और रशविंद्र सिंह सहित राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार मेहनत और ईमानदारी से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। बैठक में टोहाना एसडीएम आकाश शर्मा, रतिया एसडीएम सुरेंद्र सिंह, सीईओ सुरेश कुमार, सीटीएम गौरव गुप्ता, जिला राजस्व अधिकारी श्याम लाल सहित सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार मौजूद रहे।

# 31 मई तक चलेगा घर-घर जनगणना सर्वे अभियान: डीसी डॉ. विवेक भारती

### सर्वे से छूटे घरों की तुरंत दें जानकारी, अधिकारियों को निगरानी बढ़ाने के निर्देश

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।



**रजत विजय रंगा ।** डीसी डॉ. विवेक भारती ने जिला के नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि जनगणना के तहत 1 मई से जिलेभर में घर-घर सर्वे अभियान चलाया जा रहा है। यदि किसी क्षेत्र में कोई घर सर्वे से अछूता रह गया है तो नागरिक तुरंत कंट्रोल रूम में इसकी सूचना दें, ताकि समय रहते उसे सर्वे प्रक्रिया में शामिल किया जा सके। सोमवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित बैठक में डीसी डा. विवेक भारती ने सभी एसडीएम और चार्ज अधिकारियों के साथ जनगणना कार्य की समीक्षा की तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**अधिकारियों को फील्ड में लगातार निगरानी के निर्देश -** डीसी ने पंचायत एवं स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वे कार्य की नियमित निगरानी सुनिश्चित करें। साथ ही लोगों को जागरूक किया जाए कि जिन घरों पर नंबर अंकित नहीं हैं, वे इसकी जानकारी प्रशासन को अवश्य दें, ताकि किसी भी परिवार का सर्वे छूटने न पाए। उन्होंने सभी चार्ज अधिकारियों से कहा कि वे लगातार फील्ड का दौरा कर जनगणना कार्य का निरीक्षण करें। अधिकारी विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सर्वे की प्रगति का जायजा ले रहे हैं, ताकि यह महत्वपूर्ण कार्य निर्धारित समयावधि में पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से पूरा किया जा सके।

**31 मई तक जारी रहेगा अभियान -** डीसी ने बताया कि 1 मई से शुरू हुआ घर-घर सर्वे अभियान पूरे जिला में सुचारू रूप से चल रहा है और यह अभियान 31 मई तक जारी रहेगा। जनगणना कार्य में लगे प्रगणक अपने-अपने निर्धारित ब्लॉकों में जाकर परिवारों से नियमानुसार निर्धारित प्रश्नों के उत्तर लेकर संबंधित जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनगणना का यह कार्य भविष्य की विकास योजनाओं, संसाधनों के सही वितरण और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी नागरिक सर्वे टीमों का सहयोग करें और सही जानकारी उपलब्ध करवाएं। हेल्पलाइन नंबर पर दें जानकारी जनगणना से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी या समस्या के समाधान के लिए जिला प्रशासन द्वारा हेल्पलाइन नंबर 01667-230722 जारी किया गया है। नागरिक इस नंबर पर सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। बैठक में एसडीएम टोहाना आकाश शर्मा, एसडीएम रतिया सुरेंद्र सिंह, सीईओ सुरेश कुमार, सीटीएम गौरव गुप्ता, डीआईओ संगीता बिश्नोई, डीआईओ सिकंदर सहित अन्य चार्ज अधिकारी मौजूद रहे।

# फतेहाबाद जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 का कार्यक्रम घोषित

## एसआईआर अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार और नए मतदान केंद्रों की पहचान के निर्देश

### 708 बीएलओ करेंगे 7 लाख 11 हजार 476 मतदाताओं का घर-घर सत्यापन

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।




**रजत विजय रंगा ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला फतेहाबाद की तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों 39 टोहाना, 40 फतेहाबाद तथा 41 रतिया में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 कार्यक्रम जून से सितंबर 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस अभियान के तहत जिले के 7 लाख 11 हजार 476 मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। इसके लिए जिले में 708 बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) की नियुक्ति की गई है।जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डॉ. विवेक भारती ने संबंधित ईआरओ, एईआरओ एवं अन्य अधिकारियों की बैठक लेकर अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को पूरी पारदर्शिता, गंभीरता एवं समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए ताकि जिले की मतदाता सूची पूरी तरह अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाई जा सके।डीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि एसआईआर अभियान का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए ताकि प्रत्येक पात्र मतदाता तक इसकी जानकारी पहुंचे। इसके लिए गांवों, शहरी क्षेत्रों, पंचायतों, शिक्षण संस्थानों तथा सामाजिक संगठनों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाए जाएं। सोशल मीडिया, प्रचार वाहनों, मुनादी तथा अन्य जनसंपर्क माध्यमों का भी प्रभावी उपयोग किया जाए ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे।उन्होंने कहा कि जिन मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक है, वहां नए मतदान केंद्र स्थापित करने की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त भवनों की पहचान सुनिश्चित की जाए। संबंधित अधिकारी ऐसे भवनों का निरीक्षण कर उनकी रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करें ताकि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार मतदाताओं की सुविधा के लिए नए मतदान केंद्र बनाए जा सकें। डीसी ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की क्वालिफाइंग तिथि 1 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। कार्यक्रम के अनुसार बीएलओ का प्रशिक्षण एवं सामग्री वितरण 5 जून से 14 जून तक किया जाएगा, जबकि 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। इसके साथ ही मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन का कार्य भी 14 जुलाई तक पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 21 जुलाई 2026 को किया जाएगा। इसके उपरांत 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी, जबकि 21 जुलाई से 18 सितंबर 2026 तक इनका निपटान किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 सितंबर 2026 को किया जाएगा। डॉ. विवेक भारती ने बताया कि एसआईआर की प्री-रिवीजन गतिविधियों के तहत मतदाताओं के मिलान का कार्य पहले ही किया जा चुका है। इस प्रक्रिया में जिला फतेहाबाद ने पूरे प्रदेश में सर्वाधिक 85.98 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है, जो जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से प्रत्येक मतदान केंद्र पर अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त करने का आग्रह किया ताकि मतदाता सूची को अधिक सटीक और त्रुटिरहित बनाया जा सके। साथ ही उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे घर-घर सत्यापन के दौरान बीएलओ एवं चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों का पूर्ण सहयोग करें, ताकि पुनरीक्षण कार्य निर्धारित समयावधि में सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके।किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा समस्या के समाधान के लिए नागरिक निर्वाचन आयोग के टोल फ्री नंबर 1950 पर संपर्क कर सकते हैं।

# मथुरा जंक्शन पर नशे का बड़ा जाल बेनकाब, 16 किलो से ज्यादा डोडा पाउडर संग पंजाब के दो तस्कर दबोचे

## आरपीएफ-जीआरपी की संयुक्त कार्रवाई में फुट ओवरब्रिज पर पकड़े गए आरोपी, मध्यप्रदेश से भटिंडा तक फैला मिला तस्करी का नेटवर्क

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर-मथुरा।



**मनोज खंडेलवाल ।** रेलवे स्टेशन और ट्रेनों के जरिए फैल रहे नशे के काले कारोबार पर बड़ी चोट करते हुए मथुरा जंक्शन पर आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने दो अंतर्राजीय तस्करों को 16.635 किलोग्राम डोडा पाउडर सहित गिरफ्तार कर एक बड़े नेटवर्क का खुलासा किया है। प्लेटफार्म नंबर एक के आगरा छोर स्थित फुट ओवरब्रिज पर संदिग्ध हालत में घूम रहे दोनों आरोपियों को जब सुरक्षाबलों ने रोका और उनके बैग की तलाशी ली तो भारी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद होते ही हड़कंप मच गया। बरामद डोडा पाउडर की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब दो लाख पच्चीस हजार रुपए आंकी गई है। मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री गगन गोयल के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त श्री पी. राज राजमोहन के निर्देशन में चलाए जा रहे 'नारकोस अभियान' के तहत यह कार्रवाई उस समय सामने आई जब रेलवे सुरक्षा बल मथुरा जंक्शन और जीआरपी की टीम स्टेशन परिसर में चोरी, अवैध गतिविधियों और नशे की तस्करी पर नजर रखते हुए संयुक्त चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान दो व्यक्ति एक-एक बैग लेकर संदिग्ध तरीके से फुट ओवरब्रिज पर घूमते दिखाई दिए। पुलिस टीम को शक होने पर दोनों को रोककर पूछताछ की गई और बैग खुलवाए गए तो अंदर भरा नशीला डोडा पाउडर देखकर टीम भी सतर्क हो गई।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान पंजाब के मुक्तसर साहिब निवासी जगमीत सिंह पुत्र गुरुदित्ता सिंह और भटिंडा निवासी बिट्टू सिंह पुत्र बलदेव सिंह के रूप में हुई है। जांच में सामने आया कि जगमीत सिंह के कब्जे से काले रंग के 'HP' लिखे बैग में 10.125 किलोग्राम तथा बिट्टू सिंह के नीले रंग के 'हृद्धद्मद्ध' बैग से 6.510 किलोग्राम डोडा पाउडर बरामद हुआ। दोनों आरोपियों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे मध्यप्रदेश से अलग-अलग ट्रेनों के माध्यम से यह नशीला पदार्थ लेकर आए थे और इसे पंजाब के भटिंडा क्षेत्र में स्टेशन के आसपास नशा करने वालों तक पहुंचाने की तैयारी थी। रेलवे स्टेशन जैसे संवेदनशील स्थानों का इस्तेमाल कर नशे की तस्करी किए जाने की इस घटना ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता भी बढ़ा दी है। लगातार बढ़ते नशे के कारोबार के बीच आरपीएफ और जीआरपी की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में आरपीएफ मथुरा जंक्शन के उप निरीक्षक सुजीत सिंह चंदेल, कांस्टेबल पुरुषोत्तम सिंह तथा जीआरपी मथुरा जंक्शन के उप निरीक्षक अमित कुमार बालियान सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना जीआरपी मथुरा जंक्शन में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है तथा अब पुलिस इस पूरे नेटवर्क से जुड़े अन्य तस्करों और सप्लाई चैन की गहराई से पड़ताल में जुट गई है।

# ठगी के लिए साइबर ठग ले रहे नकली फेसबुक खातों का सहारा-सुखविंदर सिंह गिल

भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।



**रजत विजय रंगा ।** आम आदमी पार्टी हरियाणा प्रदेश संयुक्त सचिव सुखविंदर सिंह गिल ने बताया कि आजकल साइबर ठग लोगों के साथ विभिन्न तरह की चल चलकर ठगी कर रहे हैं और आम लोगों के बैंक खाते तक खाली कर ठगी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज उनके नाम से एक फर्जी पंजाबी में फेसबुक खाता बनाकर पहले चंदड कलां गांव के रमेश कुमार से फिर टोहाना के इंद्रजीत कुमार से और फिर गांव खनोरा के राजकुमार सिहाग से क्रमशः 20000, 30000 और 50000 की राशि की मांग की। गनीमत रहा कि सभी ने पैसे देने से पहले मेरे से संपर्क कर लिया, जिस वजह से एक बड़ी ठगी होने से बच गई। इस प्रकार ठग फर्जी फेसबुक खाता बनाकर और भावुक होकर उसे खाते के नाम से जुड़े मित्रों से पैसे की अपील करते हैं। कई बार लोग इस तरह की ठगी में फंस जाते हैं। श्री गिल ने अपील की कि इस प्रकार के ठगों से आम लोगों को सावधान रहना चाहिए और किसी भी प्रकार के लेनदेन से बचना चाहिए। बाद में गिल ने अपने सोशल मीडिया पर इस फ्राड की जानकारी आमजन के साथ सांझा की ताकि किसी प्रकार की ठगी आम लोगों के साथ ना हो और आमजन को सतर्क रहने की अपील की।

# महवा-मंडावर को मिलेगी राहत की सांस! विधायक राजेन्द्र मीना ने उठाई नगरपालिका भवन और फायर ब्रिगेड स्वीकृति की मांग

### स्वायत्त शासन मंत्री से मुलाकात कर सौंपा पत्र, बोले—बिना संसाधनों के जनता और कर्मचारी दोनों झेल रहे परेशानी का दंश।

भीम प्रज्ञा न्यूज.महवा।



**मनोज खंडेलवाल ।** 'जहां व्यवस्था कमजोर पड़ती है, वहां जनता की आवाज जनप्रतिनिधि बनकर सत्ता के दरवाजे तक पहुंचती है।' महवा विधायक राजेन्द्र मीना ने सोमवार को राजस्थान सरकार के स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा से व्यक्तिगत मुलाकात कर महवा और मंडावर नगरपालिकाओं की वर्षों पुरानी मूलभूत समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए समाधान की मांग की। विधायक ने मंत्री को पत्र सौंपकर नगरपालिका महवा एवं मंडावर में भवन निर्माण की स्वीकृति जारी करने के साथ-साथ मंडावर नगरपालिका क्षेत्र के लिए फायर ब्रिगेड (अग्निशमन) वाहन स्वीकृत करवाने की मांग की है। विधायक राजेन्द्र मीना ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि महवा विधानसभा क्षेत्र की नगरपालिका महवा एवं मंडावर को अस्तित्व में आए काफी समय बीत चुका है, लेकिन आज तक दोनों नगरपालिकाओं के लिए स्थायी भवन निर्माण की स्वीकृति नहीं मिल सकी है। इसका खामियाजा सरकारी कर्मचारियों के साथ-साथ आमजनता को भी उठाना पड़ रहा है। पर्याप्त संसाधन और आधारभूत ढांचा नहीं होने के कारण प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं तथा लोगों को आवश्यक कार्यों के लिए बार-बार परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने मंत्री को यह भी बताया कि मंडावर नगरपालिका क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से काफी विस्तृत है तथा शहर और आसपास के इलाकों में समय-समय पर आगजनी की घटनाएं होती रहती हैं। वर्तमान में मंडावर क्षेत्र में स्वयं की फायर ब्रिगेड व्यवस्था नहीं होने से आग लगने की स्थिति में बांदीकुई या महवा से अग्निशमन वाहन बुलाने पड़ते हैं, जिससे समय पर राहत कार्य प्रभावित होता है और जन-धन हानि का खतरा बढ़ जाता है। विधायक ने कहा कि तेजी से बढ़ते शहरी विस्तार और जनसंख्या को देखते हुए मंडावर में फायर ब्रिगेड वाहन की तत्काल आवश्यकता है।विधायक ने स्वायत्त शासन मंत्री से आग्रह किया कि आमजन की भावनाओं और क्षेत्रीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नगरपालिका महवा एवं मंडावर में भवन निर्माण की स्वीकृति शीघ्र जारी करवाई जाए तथा मंडावर नगरपालिका को फायर ब्रिगेड वाहन उपलब्ध करवाकर क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत प्रदान की जाए। राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में विधायक की इस पहल को क्षेत्र के आधारभूत विकास और जनसुविधाओं से जुड़ा महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# महिला थाना फतेहाबाद पुलिस की कार्रवाई: नाबालिग बच्ची से अश्लील हरकत करने के मामले में आरोपी काबू

### पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।



**रजत विजय रंगा ।** महिला थाना फतेहाबाद पुलिस ने नाबालिग बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी दीपक उर्फ दीपा पुत्र रामसिंह निवासी बिघड को काबू किया है। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणा ने बताया कि बाल कल्याण समिति फतेहाबाद की ओर से प्राप्त शिकायत एवं जिला शिक्षा अधिकारी फतेहाबाद द्वारा भेजी गई सूचना के आधार पर महिला थाना फतेहाबाद में मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया था कि फतेहाबाद स्थित गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल में पढ़ने वाली 9 वर्षीय नाबालिग बच्ची ने अपने अध्यापकों को बताया कि उसके पिता उसके साथ अश्लील हरकतें करते हैं। इसके बाद बाल कल्याण समिति द्वारा बच्ची की काउंसलिंग करवाई गई, जिसमें बच्ची के साथ गलत हरकतें होने की पुष्टि पाई गई। शिकायत के आधार पर महिला थाना फतेहाबाद में अभियोग संख्या 31 दिनांक 07.05.2026 धारा 64(2)(एफ) बीएनएस व 6 पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले के अनुसंधान के दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी दीपक उर्फ दीपा को काबू किया। मामले की आगामी जांच जारी है।

# 220 केवी जीएसएस मंडावर पर तकनीकी कार्य आज, दर्जनों गांवों में सुबह से थमेगी बिजली सप्लाई

### 132 केवी मेन बस पर नए टावर लगाने का कार्य, मंडावर सहित कई जीएसएस क्षेत्रों में रहेगा बिजली कटौती का असर।

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।




**मनोज खंडेलवाल ।** बिजली तंत्र को मजबूत करने के लिए 220 केवी जीएसएस मंडावर पर मंगलवार 19 मई को महत्वपूर्ण तकनीकी कार्य किया जाएगा। राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड की ओर से 132 केवी मेन बस पर नए टावर लगाने के कार्य के चलते शटडाउन लिया जाएगा, जिसके कारण मंडावर क्षेत्र सहित आसपास के कई गांवों और कस्बों में सुबह से बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। विभाग की ओर से जारी सूचना के अनुसार इस कार्य के दौरान यहां से निकलने वाले सभी 33 केवी फीडरों पर विद्युत कटौती की जाएगी, जिससे आमजन, किसानों और व्यापारिक गतिविधियों पर असर पड़ने की संभावना है। निगम के अधिशाषी अभियंता रामखिलाड़ी मीना ने बताया कि शटडाउन के चलते 33 केवी जीएसएस मंडावर से जुड़े मंडावर सिटी, गढ़ हिम्मतसिंह, उकरूंद, नांगल मीणा, सरावली और सायपुर-पाखर क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। वहीं 33 केवी जीएसएस गोपालगढ़ से जुड़े टीकरी किलानोत, खेरली खुर्द, फुलमंडा और पाखर-दो की विद्युत सप्लाई भी बंद रहेगी। इसके अलावा 33 केवी जीएसएस मान्यापुरा क्षेत्र के वीरारासना, धौलखेड़ा और नौरंगपुरा तथा 33 केवी जीएसएस हल्देना से जुड़े कोट, मुनापुरा, बनावड़, हाडोली, एदलपुर और गांव मंडावर में भी बिजली कटौती की जाएगी। इसी क्रम में 33 केवी जीएसएस रसीदपुर से जुड़े खेड़ा मंगलसिंह, झालटाला उकेरी, रैणी और रामपुरा क्षेत्र भी प्रभावित रहेंगे। विभाग के अनुसार यह बिजली कटौती मंगलवार सुबह 6 बजे से लेकर सुबह 9 बजे तक जारी रहेगी। विभाग ने आमजन से सहयोग और सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा है कि विद्युत तंत्र के आधुनिकीकरण और भविष्य में निर्बाध सप्लाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह कार्य कराया जा रहा है।

▶ किशन और कमिंस के कमाल से हैदराबाद ने सीएसके को 5 विकेट से हराया

# चेन्नई को हराकर प्लेऑफ में पहुंची सनराइजर्स हैदराबाद, गुजरात का टिकट भी हुआ कन्फर्म

## अब प्लेऑफ के अंतिम स्थान के लिए 5 टीमों के बीच होगी कड़ी टक्कर

● नई दिल्ली



सनराइजर्स हैदराबाद ने इशान किशन के नाबाद 70 और कप्तान पैट कमिंस के तीन विकेटों की मदद से चेन्नई सुपर किंग्स को पांच विकेट से हराकर प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है। गुजरात टाइटंस पहले ही प्लेऑफ में पहुंच चुकी है, जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने भी अपनी जगह सुनिश्चित कर ली थी।

अब प्लेऑफ के अंतिम स्थान के लिए पांच टीमों के बीच कड़ा मुकाबला होगा, जिसमें इस मैच में हारने वाली सीएसके भी शामिल है। उन्हें आखिरी लीग मैच में जीत के साथ ही अन्य टीमों के नतीजों पर भी निर्भर रहना होगा।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सीएसके की टीम सात विकेट पर 180 रन ही बना सकी। पैट कमिंस और साकिब हुसैन के शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन ने सीएसके की पारी को सीमित रखा। संजू सैमसन, उर्विल पटेल और ऋतुराज गायकवाड़ जैसे बल्लेबाज समय-समय पर टिके, लेकिन बड़े स्कोर की राह में नहीं बढ़ सके। 181 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसआरएच की शुरुआत धीमी रही। शुरुआती विकेट जल्दी गिरने के बावजूद किशन और हाइनरिक क्लासन ने तीसरे विकेट के लिए मात्र 41 गेंदों में 75 रन जोडक़र टीम को संभाला। किशन ने सात चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 70 रन बनाए। क्लासन ने भी 47 रन की तेज पारी खेली और ऑरेंज कैप पर कब्जा जमाया। इस दौरान पैट कमिंस ने अपनी तेज गेंदबाजी से तीन महत्वपूर्ण विकेट लिए और एसआरएच की जीत पक्की कर दी। अंततः एसआरएच ने 181 रन के लक्ष्य को पांच विकेट पर हासिल कर प्लेऑफ में अपनी जगह सुनिश्चित की।

### आखिरी होम गेम में भी मैदान में नहीं उतरे थाला



#### धोनी की वापसी का इंतजार फिर अधूरा

चेन्नई सुपर किंग्स के फैन्स की उम्मीदें महेंद्र सिंह धोनी के आईपीएल 2026 में पहली बार मैदान पर उतरने को लेकर फिर धूमिल हो गईं। सोमवार (18 मई) को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले से ठीक पहले कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने साफ कर दिया कि धोनी फिट नहीं हैं और इस मैच में नहीं खेलेंगे। यह सीएसके का लीग स्टेज का आखिरी होम मैच था, और स्टेडियम में फैन्स का उत्साह और भावनाएं दोनों ही उच्च स्तर पर थीं। धोनी इस सीजन अब तक एक भी मैच नहीं खेल पाए हैं। सीजन की शुरुआत से पहले उन्हें पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव (काफ स्ट्रेन) हुआ था, और अब मैच से पहले उन्हें नई चोट भी लगी है। इस कारण टीम मैनेजमेंट ने जोखिम नहीं लेने का फैसला किया। टॉस के दौरान ऋतुराज ने कहा, एमएस यहां हैं, लेकिन वह इस मैच के लिए फिट नहीं हैं। चेपॉक की पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं लग रही, इसलिए टीम पहले बल्लेबाजी कर बड़ा स्कोर बनाना चाहती है। धोनी के मैदान पर नहीं उतरने की खबर से चेपॉक स्टेडियम में मायूसी छा गई। हजारों फैन्स सिर्फ माही को देखने आए थे। सोशल मीडिया पर विशेष रूप से उनका 2021 का बयान फिर वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने कहा था, मेरा आखिरी टी20 चेन्नई में होगा। अब जब सीएसके अपना आखिरी होम मैच खेल रही थी और धोनी नहीं उतरे, तो फैन्स भावुक हो गए।

## होम ग्राउंड जयपुर नहीं रहा अब राजस्थान टीम का अजेय किला

### लखनऊ की फॉर्म बढ़ा सकती है टीम की मुश्किलें



● नई दिल्ली

आईपीएल 2026 के 64वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स का सामना लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा। लखनऊ भले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है, लेकिन टीम अब राजस्थान रॉयल्स की राह मुश्किल करने के इरादे से उतरेगी।

राजस्थान के लिए यह मुकाबला करो या मरो जैसा है। जयपुर कभी राजस्थान रॉयल्स का सबसे मजबूत घरेलू मैदान माना जाता था, लेकिन पिछले दो सीजन में तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। आईपीएल 2025 से अब तक राजस्थान रॉयल्स ने जयपुर में आठ मैच खेले हैं, जिनमें सिर्फ एक जीत मिली और सात मुकाबले गंवाए। इस सीजन टीम अपने घर में अब तक तीनों मैच हार चुकी है। आईपीएल 2024 तक जयपुर में राजस्थान रॉयल्स का जीत प्रतिशत 65 था, जो अब गिरकर 12.5 प्रतिशत रह गया है। वहीं जयपुर में राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ के बीच तीन मैच हुए हैं, जिनमें दो बार लखनऊ ने जीत दर्ज की।

#### नई गेंद से गेंदबाजी में लखनऊ का दबदबा

लखनऊ की गेंदबाजी इस सीजन पावरप्ले में लगातार असरदार रही है। टीम शुरुआती छह ओवरों में 22 विकेट लेकर इस मामले में तीसरे स्थान पर है। सबसे खास बात यह है कि लखनऊ का पावरप्ले इकॉनमी रेट 8.5 है, जो टूर्नामेंट में सबसे बेहतर है। इसके मुकाबले राजस्थान रॉयल्स का पावरप्ले इकॉनमी 10.1 रहा है। पिछली भिड़ंत में भी लखनऊ के तेज गेंदबाजों ने राजस्थान रॉयल्स के टॉप ऑर्डर को काफी परेशान किया था। अब जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के लिए घरेलू दबाव और लखनऊ की फॉर्म, दोनों बड़ी चुनौती बनने वाले हैं।

#### यशस्वी जायसवाल की गिरती फॉर्म चिंता का विषय

यशस्वी जायसवाल ने सीजन की शुरुआत दमदार अंदाज में की थी, लेकिन पिछले आठ मैचों में उनका प्रदर्शन लगातार गिरा है। शुरुआती चार पारियों में 183 रन बनाने वाले जायसवाल बाद की आठ पारियों में सिर्फ 144 रन ही बना सके हैं। इस सीजन वह 12 में से सात बार पावरप्ले में आउट हुए हैं, जिससे राजस्थान रॉयल्स को तेज शुरुआत नहीं मिल पा रही। जयपुर में भी उनका प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। जहां 2025 में उन्होंने यहां 282 रन बनाए थे, वहीं इस सीजन तीन पारियों में सिर्फ 19 रन ही बना पाए हैं। हालांकि लखनऊ के खिलाफ उनका रिकॉर्ड बेहतर रहा है।

## शिवाजी और वन्देमातरम हाउस की शानदार जीत

### अरेरा प्रीमियर इंटर हाउस लीग क्रिकेट

● भोपाल / खेल संवाददाता



अरेरा प्रीमियर इंटर हाउस लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में सोमवार को अंडर-12 ग्रुप में प्रताप और शिवाजी हाउस के बीच मुकाबला हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रताप हाउस ने निर्धारित ओवरों में 9 विकेट खोकर 68 रन बनाए। टीम की ओर से प्रथम लिंगायत ने 9 और आध्या रानाडे ने 8 रन बनाए। गेंदबाजी में निर्भय सिंह, आरव जाट और अभ्युदय भदौरिया ने 2-2 विकेट लिए।

जवाब में शिवाजी हाउस ने 5 विकेट खोकर 69 रन बना कर लक्ष्य हासिल किया और 5 विकेट से जीत दर्ज की। हार्दिक पटेल ने 25 और निर्भय सिंह ने 16 रन बनाए। वन्देमातरम समिति के अध्यक्ष एवं साहित्यकार प्योज जोशी ने निर्भय सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया।

अंडर-14 ग्रुप में सत्यमेव जयते और वन्देमातरम हाउस के बीच मुकाबला खेला गया। वन्देमातरम हाउस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट खोकर 152 रन बनाए। इरन वीर सिंह ने 43, वंश पुवार ने 29 और गुरप्रीत सिंह ने 15 रन का योगदान दिया। रुद्राक्ष प्रताप सिंह ने 4 विकेट लिए। सत्यमेव जयते की टीम ने जवाब में सभी विकेट खोकर 107 रन बनाए और 45 रनों से मैच हार गया। आदित्य सोलंकी ने अकेले दम पर 60 रन बनाकर टीम का मान बढ़ाया।शानवी मंडलोई और ईरनवीर सिंह ने 3-3 विकेट लिए। अरेरा अकादमी के उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ खिलाड़ी मान सिंह ने ईरनवीर सिंह को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्लेयर ऑफ द मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया।

## डब्ल्यूटीसी: भारत और श्रीलंका के बीच 15 अगस्त से होगी 2 टेस्ट मैचों की सीरीज

### टी-20 सीरीज पर संशय बरकरार

● नई दिल्ली



भारत और श्रीलंका के बीच 15 से 27 अगस्त के बीच 2 टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार, श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने इस विंडो को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तहत निर्धारित किया है। भारतीय टीम समेत सभी संबंधित पक्षों को इस शेड्यूल की जानकारी दे दी गई है।

यह टेस्ट सीरीज लंका प्रीमियर लीग के फाइनल 9 अगस्त के बाद खेली जाएगी। वहीं प्रस्तावित 3 मैचों की टी-20 सीरीज को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

श्रीलंका में हाल ही में राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके की सरकार ने क्रिकेट बोर्ड भंग कर दिया था। इसके बाद एक अंतरिम संस्था श्रीलंका क्रिकेट ट्रांसफॉर्मेशन कमेटी बनाई गई है। इस कमेटी के गठन और श्रीलंका दौरे के दौरान बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने स्थिति का जायजा लिया।

टी-20 सीरीज को लेकर शेड्यूल बनाना चुनौतीपूर्ण होगा। इन तीन मैचों को पिछले साल आए चक्रवात दित्वह पीड़ितों के लिए फंड जुटाने के उद्देश्य से प्रस्तावित किया गया था। हालांकि, भारतीय टीम के लिए सितंबर व्यस्त होने के कारण इस सीरीज के लिए समय निकालना कठिन होगा। सितंबर में भारतीय टीम बांग्लादेश दौरे के लिए भी व्यस्त रहेगी, जिसमें 3 वनडे और 3 टी-20 मैच शामिल हैं। यह दौरा पिछले साल स्थगित हुई श्रृंखला का हिस्सा है, जिसे भारत और बांग्लादेश के बीच तनाव के कारण टाल दिया गया था। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि यह सीरीज होगी या नहीं। भारतीय कप्तान शुभमन गिल अभी तक श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट में नहीं खेले हैं।

#### टीम इंडिया का आगामी शेड्यूल

- 6 जून से मुल्लांपुर में अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैच से सीजन की शुरुआत।
- इसके बाद अफगानिस्तान के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज।
- फिर आयरलैंड, इंग्लैंड और जिम्बाब्वे का दौरा।
- इसके बाद श्रीलंका दौरा।

## अफगान सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान आज

**मुंबई, आरएनएन।** अगले महीने अफगानिस्तान भारतीय दौरे पर आ रही है। 6 जून से यहां एक टेस्ट और 3 वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इस सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान मंगलवार को होगा। गुवाहाटी में होने वाली सिलेक्शन कमेटी की बैठक में जसप्रीत बुमराह को वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत आराम दिया जा सकता है। वहीं, कप्तान रोहित शर्मा की फिटनेस पर भी चर्चा होगी। देवदत्त पडिक्कल, आकिब नबी और प्रिंस यादव पर भी नजरें रहेंगी। सिलेक्शन कमेटी के अनुसार, बुमराह को टेस्ट और वनडे में खेलने की संभावना कम है। उन्हें वनडे सीरीज से आराम दिया जा सकता है, ताकि वे 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए पूरी तरह फिट रहें। उनकी गैरमौजूदगी में मोहम्मद सिराज भारत के पेस अटैक की कमान संभाल सकते हैं। प्रसिद्ध कृष्णा का चयन भी तय माना जा रहा है। पीठ की समस्या से जूझ रहे हार्दिक पंड्या की उपलब्धता अब भी अनिश्चित है। आईपीएल में चोट से जूझते रहे रोहित शर्मा केवल फिट होने पर ही वनडे टीम में शामिल होंगे।

## बांग्लादेश ने पाक को दिया 437 रन का विशाल लक्ष्य

### सिलहट टेस्ट मैच: मुशफिकुर की संेचुरी

● सिलहट



सिलहट टेस्ट के तीसरे दिन बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ मजबूत बढ़त बना ली। सोमवार को मुशफिकुर रहीम की 137 रन की पारी की बदौलत बांग्लादेश ने दूसरी पारी में 390 रन बनाए और पाकिस्तान के सामने 437 रन का लक्ष्य रखा। बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में 278 रन बनाए थे।

लिटन दास ने इस पारी में शतक जमाया। पाकिस्तान अपनी पहली पारी में केवल 232 रन ही बना सका था। बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 115 रन पर चार विकेट गिर गए। खुर्रम शहजाद ने नजमुल हुसैन शांतो को 15 रन पर पगबाधा किया। इसके बाद मुशफिकुर ने 233 गेंदों में 137 रन बनाए, जिसमें 12 चौके और 1 छक्का शामिल था। वह 103वें ओवर तक टिके रहे और आखिरी विकेट के रूप में आउट हुए। यह उनके टेस्ट करियर का दूसरी पारी में तीसरा शतक है।मुशफिकुर ने पारी की शुरुआत सुरक्षित खेलकर की और बाद में कवर ड्राइव, स्क्वायर कट और स्लॉग स्वीप जैसे शॉट लगाए। पाकिस्तान के गेंदबाज फुल लेंथ पर दबाव बनाने में असफल रहे। पहली पारी में शतक लगाने वाले लिटन दास ने दूसरी पारी में भी 92 गेंदों में 69 रन बनाए। उन्होंने मुश्किल परिस्थितियों में तेज बल्लेबाजी की और एक बार लाइफ भी मिला, जब बाबर आजम का थ्रो स्टंप पर नहीं लगा।


| राजधानी (न्यू बॉम्बे) | |
|---|---|
| दिन | रात |
| 145 = 0 | 890 = 7 |
| 136 = 0 | 450 = 9 |
| शुभांक | |
| दिन | रात |
| 567 = 8 | 257 = 4 |
| 126 = 9 | 356 = 4 |
| भाग्यांक | |
| 2 4 6 7 | |

www.kalyangame.com


## फुटबॉल छोड़कर संगीत-फैशन में कोर्टनी का जलवा

**लंदन, आरएनएन।** कभी प्रीमियर लीग में एस्टन विला के लिए खेल चुके 30 वर्षीय कोर्टनी हॉस अब फुटबॉल से दूर हैं। 2018 में लंदन में हुए हमले और लगातार चोटों के कारण उनका करियर खत्म हो गया। लेकिन हॉस ने हार नहीं मानी।

अब वह कोर्ट्स नाम से संगीत में कदम रख चुके हैं और अपना नया एल्बम लॉन्च करने वाले हैं। साथ ही ब्लाइंडेड माइंड्स ब्रांड के तहत कपड़ों का व्यवसाय भी शुरू किया। फुटबॉल की जगह अब उनके हाथ में माइक्रोफोन है, लेकिन जज्बा वही पुराना गिरकर उठने का। परिवार के संगीत प्रेम ने उनके इस नए सफर को और मजबूत बनाया।

**सशक्त मॉडल** हॉकी इंडिया प्रबंधन प्रतिनिधिमंडल ने खेल मंत्री सारंग से की सौजन्य भेंट, अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं की सराहना की

# मध्यप्रदेश बन रहा फिर से हॉकी की नर्सरी का राष्ट्रीय मॉडल

● भोपाल / खेल संवाददाता

भोपाल में हॉकी इंडिया प्रबंधन प्रतिनिधिमंडल ने खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग से सौजन्य भेंट की। बैठक में मध्यप्रदेश में हॉकी के क्षेत्र में हो रहे व्यापक विकास, आधुनिक खेल अधोसंरचना और खिलाड़ियों को उपलब्ध कराई जा रही अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं की सराहना की गई।

बैठक में खेल एवं युवा कल्याण संचालक अंशुमान यादव, हॉकी इंडिया महासचिव भोला नाथ सिंह, कोषाध्यक्ष सेकर जे. मनोहरन और महानिदेशक कमांडर आर.के. श्रीवास्तव उपस्थित रहे। चर्चा का मुख्य विषय प्रदेश में हॉकी के विस्तार, प्रतिभा संवर्धन, अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन, सिंथेटिक टर्फ निर्माण और जमीनी स्तर पर खिलाडिय़ों को तैयार करने की रणनीतियाँ थीं। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि मध्यप्रदेश अब देश में हॉकी विकास का एक सशक्त मॉडल बनकर उभर रहा है।



### भारत-ऑस्ट्रेलिया अंडर-18 हॉकी सीरीज

15 से 20 मई तक भोपाल में आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय सीरीज में भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई जूनियर पुरुष एवं महिला टीमें हिस्सा ले रही हैं। इस अवसर पर मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी के 10 खिलाडिय़ों का भारतीय अंडर-18 टीम में चयन प्रदेश की उत्कृष्ट प्रशिक्षण व्यवस्था का प्रमाण माना जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में मध्यप्रदेश ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं। हॉकी इंडिया अवॉर्ड 2025 में प्रदेश को लगातार तीसरी बार बेस्ट स्टेट ऑफ द ईयर सम्मान प्राप्त हुआ। हॉकी अकादमी के 10 खिलाडिय़ों का भारतीय अंडर-18 टीम में चयन, एफआईएच जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप 2025 में 3 खिलाडिय़ों का चयन और रियो व टोक्यो ओलंपिक में खिलाडिय़ों की भागीदारी इसे प्रमाणित करती है। पिछले 16 वर्षों में प्रदेश ने हॉकी में कुल 29 पदक अर्जित कर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज की है। मध्यप्रदेश में 28 अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सिंथेटिक हॉकी टर्फ (21 निर्मित, 7 निर्माणाधीन) हैं। भोपाल, ग्वालियर, सागर, जबलपुर, मंदसौर, शिवपुरी, बालाघाट, सीहोर सहित अन्य जिलों में उच्चस्तरीय टर्फ और 35 फीडर सेंटर खिलाडिय़ों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। कुल 146 खेल स्टेडियम और प्रशिक्षण केंद्र निर्मित हैं, जबकि 41 निर्माणाधीन हैं।

### खिलाड़ियों को आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं

अनुभवी कोचिंग, वैज्ञानिक फिटनेस प्रबंधन और खेल विज्ञान आधारित प्रशिक्षण से खिलाडिय़ों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का खेल वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है। एफआईएच जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप-2025 में अकादमी के 3 खिलाडिय़ों का चयन और एशिया कप-2025 में स्टार खिलाड़ी विवेक सागर का प्रदर्शन इसके प्रमुख उदाहरण हैं।

### खेल मंत्री सारंग बोले- मप्र सरकार खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध

खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश में खेल अधोसंरचना का विस्तार कर खिलाडिय़ों को प्रशिक्षण, प्रतियोगिता और प्रदर्शन के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में मध्यप्रदेश देश के अग्रणी हॉकी राज्यों में अपनी पहचान और मजबूत करेगा और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई प्रतिभाएं प्रदान करता रहेगा।

## 155 करोड़ के बैंक धोखाधड़ी मामले में ईडी ने दिल्ली–गोवा में मारे छापे

नई दिल्ली (एजेंसी)। ईडी ने 155 करोड़ रुपए के बैंक धोखाधड़ी मामले में सोमवार को बड़ी कार्रवाई की। एजेंसी ने इस मामले को लेकर दिल्ली और गोवा में सात अलग-अलग ठिकानों पर एक साथ छापे मारे। इस मामले में ईडी ने आप नेता दीपक सिंगला के ठिकानों पर भी रेड मारी। ये पूरा मामला महेश टिम्बर प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ दर्ज वित्तीय गड़बड़ी से जुड़ा है। जांच एजेंसी के आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक ये छापेमारी मुख्य रूप से दीपक सिंगला, महेश सिंगला, अमरीक गिल और कुछ अन्य संदिग्धों से जुड़े परिसरों और ठिकानों पर की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ईडी की टीमें सुबह-सुबह ही सभी संदिग्धों के घरों और व्यावसायिक ठिकानों पर पहुंच गईं। जांच में कई अहम दस्तावेजों और वित्तीय रिकॉर्ड्स को खंगाला जा रहा है, ताकि 155 करोड़ रुपए के इस बैंक घोटाले की कड़ियों को आपस में जोड़ा जा सके। दीपक सिंगला का नाम आम आदमी पार्टी के बड़े नेताओं में शुमार है। बताया जा रहा है कि इन संदिग्धों के तार पंजाब सरकार के गिरफ्तार मंत्री संजीव अरोड़ा से भी जुड़े हुए हैं। संजीव अरोड़ा को पहले ही भ्रष्टाचार और वित्तीय गड़बड़ियों के एक मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है। अब इस नए बैंक धोखाधड़ी मामले में भी संजीव अरोड़ा, उनके करीबियों और पार्टी सहयोगियों का नाम आने से आम आदमी पार्टी की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं।

## वडोदरा–दिल्ली इंडिगो फ्लाइट में 25 मिनट तक नहीं बिजली गुल, उमस और अंधेरे से यात्री परेशान, कई की तबीयत बिगडने लगी

अहमदाबाद (एजेंसी)। गुजरात के वडोदरा शहर से दिल्ली जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6ई-657 में रविवार रात अचानक बिजली गुल हो जाने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। विमान में करीब 25 मिनट तक अंधेरा और उमस भरा माहौल बना रहा, जिससे यात्री बेहाल हो गए। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे एक यात्री ने अपने मोबाइल फोन से रिकॉर्ड किया था। जानकारी के अनुसार, फ्लाइट रविवार रात वडोदरा एयरपोर्ट से दिल्ली रवाना होने की तैयारी में थी। इसी दौरान रात करीब 8:50 बजे विमान की बिजली अचानक बंद हो गई। एयर कंडीशनिंग और केबिन लाइट्स बंद होते ही विमान के भीतर गर्मी और घुटन बढ़ने लगी। अंधेरे के कारण यात्रियों में घबराहट फैल गई और कुछ लोगों की तबीयत भी बिगड़ने लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कई यात्री सीटों से उठकर क्रू मेंबर्स से जानकारी लेने लगे। हालांकि एयरलाइन स्टाफ ने यात्रियों को शांत रखने की कोशिश की। करीब 25 मिनट बाद बिजली आपूर्ति दोबारा बहाल हुई, जिसके बाद स्थिति सामान्य हो सकी। एयरपोर्ट अधिकारियों का कहना था, कि विमान के ग्राउंड पावर यूनिट (जीपीयू) में तकनीकी खराबी आने के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई। तकनीकी टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर खराबी को दूर किया और आवश्यक जांच के बाद बिजली आपूर्ति पुनः शुरू की गई। इस घटना के बाद यात्रियों ने एयरलाइन प्रबंधन की व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।

## सीएम शुभेंदु अधिकारी के निजी सचिव की हत्या का आरोपी गिरफ्तार, मुजफ्फरनगर से पकड़ा

मुजफ्फरनगर (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बड़ी सफलता हासिल की है। सीबीआई ने हरिद्वार से लौटते समय बलिया के शार्प शूटर राजकुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। छपार क्षेत्र में टोल प्लाजा के निकट से उसे पकड़ा गया। ट्रांजिट रिमांड के लिए सीबीआई सीजेएम कोर्ट पहुंच गई है। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक (पीए) चंद्रनाथ रथ की उत्तर 24 परगना के मध्यमग्राम में हमलावरों ने गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी थी। इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है। सीबीआई की जांच में बलिया के रातोपुर निवासी राजकुमार सिंह का नाम सामने आया था। राजकुमार अपने परिवार के साथ सोमवार तड़के हरिद्वार से वापस लौट रहा था। सीबीआई की टीम ने पहले से ही मुजफ्फरनगर स्थित टोल प्लाजा पर डेरा डाल रखा था। इसके बाद छपार पुलिस के सहयोग से आरोपी राजकुमार को दबोच लिया गया। काफी देर तक आरोपी से पूछताछ की गई, जिससे घटना के तार जुड़ते हुए नजर आ रहे हैं। सीबीआई के सीओ राजेश कुमार आरोपी के रिमांड के लिए कोर्ट पहुंचे है। पश्चिम बंगाल में हुए इस चर्चित हत्याकांड ने काफी सुर्खियां बटोरी थीं। जांच एजेंसी इस हत्याकांड से जुड़े अन्य पहलुओं और संभावित साजिशकर्ताओं का पता लगाने का प्रयास कर रही है। इस गिरफ्तारी से मामले में नए खुलासे होने की उम्मीद है।

## पीएम मोदी के नाम पर ठगी मामले में सुप्रीम कोर्ट से आरोपी को जमानत

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य केंद्रीय मंत्रियों का करीबी बताकर लोगों से ठगी करने के आरोपी कासिफ को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है। जस्टिस एम.एम. सुंदरेश और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस आदेश को रद्द किया, जिसमें कासिफ की जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। कासिफ मनी लॉन्ड्रिंग, धोखाधड़ी और जालसाजी जैसे गंभीर आरोपों का सामना कर रहा है। कासिफ पर आरोप है कि उसने खुद को प्रधानमंत्री मोदी और अन्य सरकारी अधिकारियों का करीबी सहयोगी बताकर लोगों से पैसे ऐंठ लिए। सुप्रीम कोर्ट ने जमानत देने का मुख्य कारण यह बताया कि कासिफ पिछले करीब तीन सालों से जेल में है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अनुसार, कासिफ सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी और कई केंद्रीय मंत्रियों के साथ अपनी मॉर्फ की गई तस्वीरें अपलोड करता था। इनका इस्तेमाल वह सरकारी विभागों में नौकरी, ठेके या अन्य सहायता दिलाने का वादा करके लोगों से पैसे ठगने के लिए करता था। ईडी ने उसके ठिकानों से 1.10 करोड़ रुपये से अधिक की रकम भी जब्त की थी, जिसे अपराध की कमाई बताया गया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने कासिफ को कुछ शर्तों के साथ जमानत दी है। अदालत ने उससे यह वादा लिया है कि वह भविष्य में किसी भी संवैधानिक या सरकारी अधिकारी के नाम का दुरुपयोग नहीं करेगा। साथ ही, चल रही कानूनी कार्यवाही में पूरा सहयोग करने का निर्देश दिया गया है।

# पीएम मोदी के सम्मानों पर राउत का तंज: जनता को बेरोजगारी और महंगाई ही मिल रही



**मुंबई (एजेंसी)।** राज्यसभा सांसद संजय राउत ने देश में ईंधन की किल्लत, नीट पेपर लीक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश दौरों को लेकर केंद्र सरकार पर हमलावार है। उद्धव सेना के नेता ने सीधे प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष कर कहा कि पीएम जहां भी जाते हैं, वहां का सर्वोच्च सम्मान प्राप्त कर अवॉर्ड लेने की सेंचुरी पूरी कर रहे हैं। नीदरलैंड या नॉर्वे जैसे किसी भी देश में उन्हें सम्मान मिल जाता है। लेकिन देशवासियों को क्या मिल रहा है? राउत के अनुसार, जनता को बेरोजगारी, बढ़ती महंगाई और बदहाल कानून-व्यवस्था का अवॉर्ड मिल रहा है।

भाजपा पर तंज कसते हुए शिवसेना यूबीटी के नेता राउत ने पूछा कि इन सम्मानों का आखिर जनता के लिए क्या औचित्य है। उन्होंने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री मोदी जगत भ्रमण कर रहे हैं और कई देशों की यात्रा पर निकले हैं, वहीं दूसरी तरफ जनता से घर से बैठकर काम करने को कहा जा रहा है। राउत ने सवाल किया कि आखिर प्रधानमंत्री मोदी कितनी बार जगत भ्रमण करना चाहते हैं।

राउत ने नीट पेपर लीक मामले में भी भाजपा सरकार की घेराबंदी कर कहा कि एनटीए या आईआईटी जैसी सभी संस्थाएं भाजपा के कब्जे में हैं, इसके बाद पेपर लीक की जिम्मेदारी कौन लेगा? उन्होंने सीधे तौर पर शिक्षा मंत्री को इसकी जिम्मेदारी लेने की मांग की, क्योंकि उनके अनुसार, सभी लोग भाजपा से ही जुड़े हैं।

वहीं ईंधन संकट को लेकर राउत ने आरोप लगाया कि चुनाव तक देश में कोई समस्या नहीं थी, लेकिन जैसे ही चुनाव खत्म हुए, ईंधन की किल्लत सामने आ गई है। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी और उन्होंने पहले ही ऐसी स्थिति की भविष्यवाणी कर दी थी। पीएम मोदी की विदेश यात्राओं पर सवाल उठाकर राउत ने कहा, मोदी कहां हैं? वह 7 देशों की यात्रा पर हैं और भाजपा उनके नीदरलैंड में हुए स्वागत का जश्न मना रही है, जबकि उन्हें देश के भीतर की समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए।

मोदी सरकार की विदेश नीति पर भी सवाल उठाकर राउत ने पूछा कि प्रधानमंत्री ईरान युद्ध पर बात क्यों नहीं कर रहे हैं और रूस से तेल खरीदने में क्या दिक्कत है? उन्होंने कटाक्ष कर पूछा कि क्या भारत ट्रंप-निर्भर हो गया है और क्या ट्रंप ने भारत को इसके लिए मना किया है? राउत ने कहा कि यह सरकार अचानक संकट में होने का दावा कर रही है, जिसकी भविष्यवाणी विपक्ष ने पहले ही कर दी थी।

## वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश मे तेल, गैस की कोई कमी नहीं : हरदीप पुरी

वाराणसी (एजेंसी)। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश में



पीएनजी, एलपीजी और पेट्रोल डीजल की कमी नही होने दी गयी है। केन्द्रीय मंत्री पुरी ने यहां सर्किट हाउस में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, आधारभूत सुविधाओं तथा ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित कार्यों पर विशेष चर्चा हुई। पुरी ने बताया कि विभिन्न योजनाओं की समीक्षा के लिए 120 पृष्ठों की एक विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट तैयार की गई है। उन्होंने पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध का जिक्र करते हुए कहा कि लगभग 80 दिनों से यह स्थिति बनी हुई है। इससे पहले रूस-यूक्रेन युद्ध भी हुआ। इन वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत में कच्चे तेल, पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) और एलपीजी की कोई कमी नहीं होने दी गई है। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री पुरी ने कहा कि पिछले चार वर्षों में सरकार ने कीमतें बढ़ाने के बजाय घटाने का प्रयास किया है। तेल विपणन कंपनियों को नुकसान उठाना पड़ा, लेकिन उपभोक्ताओं पर इसका बोझ नहीं डाला गया। उन्होंने बताया कि यहां एलपीजी कनेक्शनों को तेजी से पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शनों में बदला जा रहा है। देशभर में प्रतिदिन 50 हजार पीएनजी कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि एक ऐसा देश है जहां हम दाम कम करते रहे और फिर भी एलपीजी की कोई कमी नहीं होने दी। जहां कहीं भी थोड़ी सी भी ब्लैक मार्केटिंग की कोशिश हुई, वहां हमने डिस्ट्रीब्यूटरशिप रद्द कर दी।

## शराब घोटाला मामले की सुनवाई अब जज स्वर्ण कांता नहीं जस्टिस मनोज जैन करेंगे

**–मंगलवार को सुनवाई शुरू होगी, अवमानना मामले की भी शुरुआत होगी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कथित शराब घोटाले मामला जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा के बाद अब नई बेंच को ट्रांसफर किया जा चुका है। इस मामले की सुनवाई अब जस्टिस मनोज जैन करेंगे।



अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया समेत छह आप नेताओं के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू करने के बाद जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने खुद को इस मामले से अलग कर लिया था। वहीं, अवमानना केस की सुनवाई जस्टिस नवीन चावला और रविंद्र जस्टिस रविंदर दुडेजा की खंडपीठ करेगी। दोनों ही मामलों की सुनवाई मंगलवार को होगी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गुरुवार को जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया, राज्यसभा सांसद संजय सिंह, दिल्ली सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के अलावा दुर्गेश पाठक और विनय मिश्रा के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का आदेश दिया था। इसके साथ ही उन्होंने नियमों का हवाला देते हुए मामले को किसी और बेंच को ट्रांसफर किए जाने का ऐलान किया था। अब इस मामले को जस्टिस मनोज जैन की कोर्ट में ट्रांसफर किया गया है।

एक तरफ जहां मंगलवार को शराब घोटाले मामले की सुनवाई शुरू होगी तो दूसरी तरफ अवमानना मामले की भी शुरुआत होगी। जस्टिस नवीन चावला और जस्टिस रविंदर दुडेजा की बेंच के सामने इस मामले को सूचीबद्ध किया गया है। कोर्ट केजरीवाल समेत आम आदमी पार्टी के छह नेताओं के खिलाफ इस मामले की सुनवाई करेगी। इसके अलावा वे लोग भी दायरे में आ सकते हैं जिन्होंने यूट्यूब और अन्य सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो अपलोड किए थे जिनमें जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा पर अपमानजनक टिप्पणियां की गईं थीं।

इस मामले को जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की अदालत में सूचीबद्ध किया गया तो केजरीवाल ने आपत्ति जताई थी। उन्होंने चीफ जस्टिस को पत्र लिखकर इस मामले को दूसरी बेंच के सामने ट्रांसफर करने की मांग की थी, लेकिन जब उन्होंने इससे इनकार कर दिया तो केजरीवाल ने जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा के सामने रिक्यूजल याचिका दायर करके मांग की कि वह खुद को इस मामले से अलग कर लें। केजरीवाल ने आशंका जाहिर की थी कि उन्हें जस्टिस शर्मा की अदालत में न्याय नहीं मिल सकता है। केजरीवाल ने उन पर हितों के टकराव और आरएसएस से जुड़े संगठन के कार्यक्रम में शामिल होने का आरोप लगाया था।

# 6 माह में गिर जाएगी थलापति की सरकार, स्टालिन के हाथों में ही राज्य की कमान

### डीएमके की विधायक ने किया चौंकाने वाला दावा

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु में सियासी माहौल गर्माया हुआ है। तिरुचेंदुर से विधायक अनीता राधाकृष्णन ने एक बड़ा दावा कर कहा है कि मुख्यमंत्री जोसेफ विजय की अगुवाई वाली टीवीके (तामिलागा वेत्री कझगम) सरकार आगामी छह महीनों में गिर जाएगी। डीएमके विधायक के अनुसार, राज्य में द्रविड़ मुन्नेत्र कझगम (डीएमके) के नेता एमके स्टालिन मुख्यमंत्री पद पर वापसी करने वाले है। राधाकृष्णन ने कहा, थलाईवर (नेता) अगले मुख्यमंत्री हैं। चार या छह महीने बाद हमारे नेता मुख्यमंत्री बनने वाले है। इस दावे पर टीवीके की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है, जिसने हाल ही में दक्षिणी राज्य की सत्ता संभाली है।



डीएमके विधायक राधाकृष्णन ने केवल भविष्यवाणी ही नहीं की, बल्कि टीवीके के विधायक आधव अर्जुन को खुली चुनौती भी दी है। उन्होंने अर्जुन से कहा, यह टीवीके सरकार सिर्फ चार और महीने टिक पाएगी। अगर आप में हिम्मत है, तब अपने विधायक पद से इस्तीफा दें। मैं भी ऐसा ही करूंगा। फिर तिरुचेंदुर में मुकाबला करते हैं। यह हमारा शहर है, हम किसी को भी हरा सकते हैं। गौरतलब है कि तिरुचेंदुर पिछले 25 सालों से राधाकृष्णन का गढ़ रहा है, जहां उन्होंने पहली बार 2001 में जीत हासिल की थी।

एक ओर जहां राज्य में सत्ता को लेकर दावे-प्रतिदावे चल रहे हैं, वहीं दूसरी ओर मुख्य विपक्षी दल डीएमके अपनी हालिया विधानसभा चुनाव की करारी हार के कारणों का विश्लेषण करने में जुटा गई है। डीएमके पार्टी ने इस अप्रत्याशित हार के बाद 36 सदस्यीय समिति का गठन किया है, जिसे हार के कारणों का आत्मनिरीक्षण और निष्पक्ष विश्लेषण करने का काम सौंपा गया है। पूर्व मुख्यमंत्री स्टालिन ने समिति से हार की वजहों पर एक स्पष्ट और विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

स्टालिन ने समिति के सदस्यों को संबोधित कर स्पष्ट किया कि यह कवायद केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि पार्टी की चुनावी गिरावट के मूल कारणों को समझने का एक गंभीर प्रयास है। उन्होंने इस प्रक्रिया की तुलना मेडिकल डायग्नोसिस से करते हुए कहा कि जैसे प्रभावी इलाज के लिए डॉक्टर को मरीज की बीमारी की सटीक जानकारी चाहिए, वैसे ही पार्टी नेतृत्व को सुधारात्मक कदम उठाने के लिए जमीनी हकीकत की पूरी जानकारी चाहिए। पैनल को तमिलनाडु के सभी 234 विधानसभा क्षेत्रों में व्यापक जमीनी अध्ययन करने और कार्यकर्ताओं व लोकल पदाधिकारियों से सीधा फीडबैक लेने का निर्देश दिया गया है। समिति को 5 जून तक अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंपने की समय सीमा दी गई है। खुद अपनी पारंपरिक सीट कोलाथुर से हार का सामना करने वाले स्टालिन ने कहा कि यह समीक्षा आंतरिक राजनीति, पक्षपात या दोषारोपण से मुक्त होनी चाहिए। उन्होंने सदस्यों से कहा, आपका कर्तव्य न तो किसी को बचाना है और न ही किसी को निशाना बनाना है।

## केरल के नए सीएम शपथ ग्रहण में शशि थरूर क्यों नहीं पहुंचे, सामने आई असली वजह

नई दिल्ली। केरल में कांग्रेसी मुख्यमंत्री वी.डी. सतीशन ने अपने 20 मंत्रियों के साथ पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस महत्वपूर्ण मौके पर जहां राहुल गांधी सहित कांग्रेस के कई दिग्गज नेता मौजूद थे, वहीं तिरुवनंतपुरम के सांसद शशि थरूर अनुपस्थित रहे। उनकी अनुपस्थिति ने हालांकि कांग्रेस के भीतर अंदरूनी अनबन की चर्चाओं को हवा दी थी, क्योंकि संगठन में असहमति को लेकर उनका नाम पहले भी सामने आता रहा है। हालांकि, शशि थरूर ने अपनी अनुपस्थिति की वजह खुद बता दी थी। उन्होंने 15 मई को ही जानकारी दी थी कि बॉस्टन में टफ्स यूनिवर्सिटी के फ्लेचर स्कूल ऑफ लॉ ऐंड डिप्लोमैसी में मुख्य वक्ता के तौर पर आमंत्रित करने और अपने ग्रेजुएशन के 50वें रीयूनियन कार्यक्रम में शामिल होने के कारण वह शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित नहीं हो पाएंगे। थरूर ने बताया था कि उन्हें अमेरिका में पुराने साथियों के साथ जश्न मनाने का मौका मिला है और वे केरल के भविष्य को लेकर भी काफी उत्साहित हैं। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने सतीशन को राज्य के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। श्री सतीशन के अलावा 20 अन्य विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इस समारोह में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे सहित कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित थीं।

## अखिल भारत हिन्दू महासभा झुंझुनूं जिला इकाई की बैठक सम्पन्न, संगठन विस्तार पर हुई चर्चा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

अखिल भारत हिन्दू महासभा झुंझुनूं जिला इकाई की बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन विस्तार एवं आगामी गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री अशोक कुमार योगी, प्रदेश महामंत्री भागीरथ पिलानिया एवं प्रदेश सह संगठन महामंत्री विष्णु शर्मा ने संगठन को मजबूत करने तथा कार्यकर्ताओं को सक्रिय रूप से जोड़ने पर जोर दिया। बैठक में जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुभाष योगी, जिला संगठन महामंत्री प्रभातीलाल योगी, युवा अध्यक्ष नरेश धाबाई, सुनील टेलर, रितिक चंदेलिया, सुभाष पंवार, हरीश केडिया, मंजीत पार्षद, अशोक महारानियां, शिशराम, अशोक योगी, जयसिंह, सीताराम, जयभगवान, श्रवण कुमार, महेंद्र, राजेश धाबाई सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। महिला पदाधिकारियों में रेखा पांडे, पूजा शर्मा, सोना चेतीवाल, पिंकी सैनी, विजय लक्ष्मी, सुमन कटेवा, सुमिता टेलर एवं मंजु देवी मौजूद रहीं। बैठक के दौरान संगठनात्मक अनुशासन को लेकर भी चर्चा हुई। जिला पदाधिकारियों की शिकायतों, संगठनात्मक बैठकों में लगातार अनुपस्थित रहने तथा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशों की पालना नहीं करने के आरोपों को गंभीर मानते हुए जिलाध्यक्ष प्रणीत गुप्ता



(विपुल) को संगठन से निष्कासित करने का निर्णय लिया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन में अनुशासन सर्वोपरि है और किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को पहचान पत्र वितरित किए गए। मंच संचालन जिला प्रवक्ता पूजा शर्मा ने किया। अंत में संगठन की मजबूती एवं हिंदू समाज के उत्थान के संकल्प के साथ 'जय जय श्री राम' के उद्घोष के साथ बैठक का समापन हुआ।

## प्रमुख जन गोष्ठी हुई सम्पन्न, दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग देश के लिए वरदान सिद्ध होगा - विभाग प्रचारक मुकेश कुमार

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नवलगढ़**





**कमल किशोर पंवार ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से कस्बे की मानसिंह का धर्मशाला में प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम भारतमाता के चित्र के सम्मुख अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर गोष्ठी का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात सभी प्रमुख जनों ने सामूहिक रूप से वन्देमातरम राष्ट्रीय गीत का गायन किया। मंचस्थ अतिथियों में संघ के खंड संघचालक रायसिंह तोगड़ा, नगर संघचालक विश्वनाथ जोशी , सह नगर संघचालक शिवरतन मुरारका एवं मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक मुकेश कुमार थे। मंचस्थ अतिथियों का परिचय नगर कार्यवाह कमल किशोर पंवार ने कराया। विभाग प्रचारक मुकेश कुमार ने 1925 से 2025 तक की संघ की यात्रा का वृतांत विस्तार पूर्वक करवाते हुए कहा कि संघ देशहित के प्रत्येक कार्य में सदैव अग्रिम पंक्ति में खड़ा रहा है, भारत पाक युद्ध के समय सेना का सम्पूर्ण सहयोग,गौ हत्या प्रतिबंध, राम मंदिर निर्माण, धारा 370, आपातकाल, रामसेतु हेतु हस्ताक्षर अभियान, जैसे अनेक विषयों पर संघ समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अडिग रूप से खड़ा रहा। आज संघ शताब्दी वर्ष में समाज में पंच परिवर्तन यथा सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन ,स्व का जागरण एवं नागरिक कर्तव्य के माध्यम से जन जागरण का कार्य समाज के सम्मुख रख रहा है। आज प्रत्येक देशवासी को मैं और मेरा से ऊपर उठकर देश हित के लिए चिंतन करने की आवश्यकता है।

वर्तमान समय में दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग और प्लास्टिक मुक्त समाज की महत्ती आवश्यकता है। स्वतन्त्रता से पूर्व अनगिनत देशभक्तों ने अपना बलिदान दिया परंतु आज बलिदान की आवश्यकता नहीं है अपितु देश के लिए जीने की जरूरत है। मुख्य वक्ता के उद्बोधन के पश्चात समाज में सकारात्मक परिवर्तन पर हुए काम के बारे में गोष्ठी में पधारे कुछ प्रमुख जनों ने अपने विचार सबके सम्मुख रखे। नगर संघचालक विश्वनाथ जोशी ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। सामूहिक राष्ट्रगान के साथ ही गोष्ठी का समापन हुआ।

## मंडावर से भरतपुर तक इंसानियत की डगर, 'अपना घर' के लावारिस प्रभुजनों के लिए फिर रवाना हुई रसद से लदी सेवा की पिकअप

### जहां भूख के आगे रिश्ते हार जाते हैं, वहां इंसानियत रोटी बनकर दरवाजे तक पहुंचती है।

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**

**मनोज खंडेलवाल ।** कहते हैं कि 'नेकी कभी शोर नहीं करती, लेकिन उसका असर दूर तक सुनाई देता है।' कुछ ऐसा ही दृश्य सोमवार सुबह मंडावर कस्बे के गांधी चौक पर देखने को मिला, जब अपना घर सेवा समिति मंडावर की ओर से भरतपुर स्थित अपना घर आश्रम में रह रहे हजारों लावारिस एवं बेसहारा प्रभुजनों के लिए रसद सामग्री से भरी एक पिकअप गाड़ी को विधिवत हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। सेवा, संवेदना और सामाजिक सरोकारों की इस मिसाल ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि ग्रामीण अंचल की मिट्टी में आज भी मानवता जिंदा है और जरूरतमंदों के लिए लोगों के दिल धड़कते हैं। अपना घर सेवा समिति मंडावर के अध्यक्ष राजेन्द्र गुप्ता ने बताया कि समिति द्वारा इससे पूर्व भी गेहूं से भरी एक पिकअप भरतपुर आश्रम भेजी जा चुकी है तथा यह लगातार दूसरे चरण में फिर से बड़ी मात्रा में खाद्य सामग्री भेजी गई है। उन्होंने कहा कि मंडावर कस्बे के व्यापारियों, दानदाताओं और समिति सदस्यों के सहयोग से यह सेवा अभियान लगातार गति पकड़ रहा है और वर्तमान में समिति में 74 सदस्य सक्रिय रूप से मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है' और इसी सोच को आधार बनाकर समिति बेसहारा लोगों तक राहत पहुंचाने का कार्य कर रही है। गांधी चौक से रवाना की गई पिकअप में 55 कट्टे गेहूं, 10 कट्टे चावल, 5 कट्टे पोहा, 5 कट्टे नमक, 1 कट्टा चीनी, 1 कट्टा दाल तथा 10 किलो चायपत्ती सहित बड़ी मात्रा में दैनिक उपयोग की खाद्य सामग्री भेजी गई। खास बात यह रही कि जटवाड़ा निवासी समाजसेवी शिखरचंद जैन ने अकेले अपने स्तर पर 25 कट्टे गेहूं दान देकर सेवा भावना की ऐसी मिसाल



खाद्य सामग्री से भरी पिकअप को हरी झंडी दिखाते समिति के लोग

पेश की, जिसकी समिति पदाधिकारियों और कस्बे के लोगों ने खुलकर सराहना की। समिति सदस्यों ने कहा कि 'जिस घर से दान निकलता है, वहां बरकत खुद रास्ता पूछकर आती है।' कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने एक स्वर में कहा कि भरतपुर स्थित अपना घर आश्रम में हजारों की संख्या में ऐसे प्रभुजन रह रहे हैं, जिन्हें समाज और परिवार ने ठुकरा दिया, लेकिन अपना घर संस्था उन्हें आश्रय देकर जीवन देने का काम कर रही है। ऐसे में मंडावर की यह सेवा यात्रा केवल रसद भेजने तक सीमित नहीं, बल्कि समाज को संवेदनशील बनाने का संदेश भी है। समिति ने स्पष्ट किया कि आगामी समय में भी यह सेवा अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा शीघ्र ही अगली पिकअप भेजने की तैयारी शुरू की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष राजेन्द्र गुप्ता सहित महेशचंद, सुरेन्द्र मामोडिया, संतोष गुप्ता, नरेन्द्र बंसल, बनवारीलाल, योगेश अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण कासोटिया, अनिल बडाया, सुरेश गर्ग, कपिल खंडेलवाल, राजेश शर्मा, राजेश मंगल सहित अनेक समिति सदस्य और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। मंडावर की धरती से उठी यह सेवा की गूंज अब भरतपुर तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि यह संदेश दे रही है कि 'इंसानियत अभी जिंदा है, बस उसे जगाने वाले हाथ चाहिए।'

## संक्षिप्त समाचार

### आव्रजन के खिलाफ लंदन की सड़कों पर उतरे 80 हजार लोग

**लंदन , एजेंसी।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन में शनिवार को दो अलग-अलग बड़ी रैलियां हुईं। एक रैली आव्रजन के खिलाफ थी, जबकि दूसरी रैली फलस्तीन के समर्थन में हुई। पुलिस का अनुमान है कि इन रैलियों में 80 हजार से ज्यादा लोग शामिल थे। पुलिस ने राजधानी के बाहर से बुलाए गए अतिरिक्त बलों सहित 4,000 अधिकारियों को तैनात किया। पुलिस ने रैलियों में 80 हजार से अधिक लोगों के शामिल होने का अनुमान लगाया। प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने यूनाइट द किंगडम मार्च के आयोजकों पर स्पष्ट रूप से नफरत और विभाजन फैलाने का आरोप लगाया। यह मार्च इस्लाम विरोधी कार्यकर्ता स्टीफन यैक्सली-लेनन, जिन्हें टॉमी रॉबिन्सन के नाम से जाना जाता है द्वारा आयोजित किया गया था।

### विश्वविद्यालयों में छात्र संघों पर प्रतिबंध के खिलाफ राजधानी में व्यापक प्रदर्शन

**काठमांडो, एजेंसी।** विश्वविद्यालयों में छात्र संघ पर प्रतिबंध के खिलाफ बड़ी संख्या में छात्रों ने नेपाल की राजधानी काठमांडो में प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री बलेंद्र शाह के नेतृत्व वाली सरकार ने हाल ही में 100 सूत्री कार्य योजना की घोषणा की है, जिसके तहत विश्वविद्यालयों में छात्र संघों के कामकाज पर रोक लगा दी गई है। सरकार का कहना है कि शिक्षण संस्थानों को राजनीतिक दलों के औजार के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने छात्र संघों पर प्रतिबंध का विरोध करें जैसे नारे लगाते हुए सरकार के इस कदम की आलोचना की। नेपाली छात्रों के 62वें छात्र दिवस के अवसर पर आयोजित यह प्रदर्शन त्रिचंद्र कैंपस से शुरू होकर काठमांडो के आरआर कैंपस में समाप्त हुआ। प्रदर्शनकारियों ने विश्वविद्यालय की स्वायत्तता की रक्षा, छात्रों के अधिकारों की गारंटी और संगठन बनाने की स्वतंत्रता के संरक्षण की मांग करते हुए नारे भी लगाए। नेपाल छात्र संघ, अखिल नेपाल स्वतंत्र छात्र संघ और अन्य समूहों ने इसमें हिस्सा लिया।

### रवांडा नरसंहार के संदिग्ध फेलिसियन काबुगा की हिरासत में मौत

**हेग , एजेंसी।** रवांडा नरसंहार के संदिग्ध फेलिसियन काबुगा की 91 साल की आयु में मौत हो गई। काबुगा की मृत्यु नीदरलैंड के हेग में अस्पताल में हिरासत के दौरान हुई। संयुक्त राष्ट्र की एक अदालत ने शनिवार को बताया कि 91 वर्षीय काबुगा पर 1994 के नरसंहार में तुत्सी अल्पसंख्यक के सामूहिक नरसंहार को बढ़ावा देने और आर्थिक मदद मुहैया कराने का आरोप था। एक अनुमान के मुताबिक इस नरसंहार में आठ लाख लोग मारे गए थे। काबुगा पर मुकदमा 2022 में शुरू हुआ था। 2023 में, न्यायाधीशों ने उसे डिमेंशिया के कारण मुकदमा चलाने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया था। दोषी पाए जाने पर काबुगा को आजीवन कारावास की सजा हो सकती थी। कोर्ट ने अस्पताल में हुई मौत के बाद परिस्थितियों की जांच का आदेश दिया है।

### इतालवी शहर में चालक ने पैदल यात्रियों को रौंदा, आठ घायल, चार गंभीर

**मोडेना , एजेंसी।** उत्तरी इतालवी शहर मोडेना में शनिवार को एक चालक ने पैदल यात्रियों को रौंद दिया। इस घटना में आठ लोग घायल हो गए, जिनमें से चार की हालत गंभीर है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना में कोई मौत नहीं हुई। महापौर मास्सिमो मेजेटी के अनुसार, एक महिला दुकान की खिड़की से दब गई, जिसके दोनों पैर काटने पड़े। 31 वर्षीय चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अधिकारी जांच कर रहे हैं कि उसने नशे में या जानबूझकर यह कृत्य किया। चालक ने भागने का प्रयास किया लेकिन नागरिकों और पुलिस ने उसे पकड़ लिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उसके पास चाकू था, पर उसने किसी को नहीं मारा। इतालवी प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने घटना को 'बेहद गंभीर' बताया।

### मादुरो के करीबी सहयोगी एलेक्स साब वेनेजुएला से अमेरिका निर्वासित

**वेनेजुएला , एजेंसी।** वेनेजुएला सरकार ने निकोलस मादुरो के करीबी सहयोगी एलेक्स साब को अमेरिका निर्वासित किया है, जहां उसे न्यायिक कार्रवाई का सामना करना होगा। यह कैदी अदला-बदली में राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा माफी दिए जाने के तीन साल बाद हुआ। सरकार ने निर्वासन का स्थान नहीं बताया, पर यह अमेरिकी आपराधिक जांचों पर आधारित है। एसोसिएटेड प्रेस ने फरवरी में बताया कि अभियोजक साब की भूमिका की जांच कर रहे हैं। यह जांच वेनेजुएला के खाद्य आयात ठेकों से जुड़ी रिश्वतखोरी की साजिश से संबंधित है। साब ने सरकारी ठेकों से संपत्ति अर्जित की थी, जिसे अमेरिकी अधिकारी मादुरो का 'बैग मैन' बताते थे। नए वेनेजुएला नेतृत्व के सत्ता में आने के बाद साब का प्रभाव कम हो गया। उससे अपने पूर्व संरक्षक के खिलाफ गवाही देने के लिए कहा जा सकता है।

# बालेंद्र सरकार को सुप्रीम झटका, भारतीय उत्पादों पर नहीं लगेगा सीमा शुल्क

**काठमांडु, एजेंसी।** झनेपाल में प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह की नव निर्वाचित सरकार को देश के सर्वोच्च न्यायालय से एक बहुत बड़ा और करारा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने भारत से नेपाल में लाए जाने वाले आम इस्तेमाल के भारतीय उत्पादों पर सीमा शुल्क लगाने के सरकार के एक विवादास्पद फैसले पर फिलहाल पूरी तरह से रोक लगा दी है। अदालत के इस अहम आदेश के बाद अब सीमा पार से 100 नेपाली रुपये से अधिक का सामान लाने पर आम जनता को सीमा शुल्क नहीं देना पड़ेगा।

दरअसल, हाल ही में नेपाल के वित्त मंत्रालय ने एक नया नियम लागू किया था। इस नियम के तहत यह अनिवार्य कर दिया गया था कि भारत से अगर कोई 100 नेपाली रुपये से ज्यादा का सामान लाता है, तो उसे सीमा शुल्क यानी टैक्स चुकाना ही होगा। जनता इस फैसले से बहुत परेशान थी और इसकी कड़ी आलोचना हो रही थी। अब नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को एक अंतरिम आदेश जारी करके सरकार के इस कठोर फैसले को लागू करने से रोक दिया है।

**सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में क्या कहा है :** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस हरि प्रसाद फुयाल और जस्टिस टेक प्रसाद ढुंगाना की पीठ ने इस महत्वपूर्ण मामले की सुनवाई की। अदालत ने प्रधानमंत्री कार्यालय, मंत्रिपरिषद, वित्त मंत्रालय और अन्य सभी संबंधित अधिकारियों को



स्पष्ट निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि जब तक इस मामले में अदालत का कोई अंतिम फैसला नहीं आ जाता, तब तक इस विवादित सीमा शुल्क प्रावधान को बिल्कुल भी लागू न किया जाए।

**अदालत में यह मामला किसने और क्यों उठाया :** सरकार के इस फैसले के खिलाफ कुछ जागरूक वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। अधिवक्ता अमितेश पंडित, आकाश महतो, सुयोगी सिंह और प्रशांत बिक्रम शाह ने वित्त मंत्रालय के इस फैसले को चुनौती देते हुए एक रिट याचिका दायर की थी। इन याचिकाकर्ताओं ने अदालत में तर्क दिया कि 100 नेपाली रुपये से ज्यादा के सामान पर टैक्स लगाने की नीति नेपाल के सीमा शुल्क अधिनियम-2081 के सख्त खिलाफ है। वकीलों ने बताया कि यह फैसला अधिनियम में दी गई छूट के प्रावधानों का सीधा-सीधा उल्लंघन करता है।

**तराई-मधेस क्षेत्र में लोगों का गुस्सा क्यों भड़क रहा था :** इस नए नियम के लागू होने के बाद नेपाल-भारत सीमा पर तराई-मधेस क्षेत्र की चौकियों पर बहुत कड़ी जांच शुरू हो गई थी। सीमा शुल्क वसूलने के इस अनिवार्य नियम के कारण सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) ने आम लोगों की सघन तलाशी लेनी शुरू कर दी थी। पहले आम नागरिकों को छोटी-मोटी रोजमर्रा की खरीदारी और घरेलू सामानों पर अनौपचारिक रूप से सीमा शुल्क में छूट मिल जाती थी। लेकिन छूट खत्म होने से लोगों में भारी आक्रोश फैलने लगा था।

सरकार ने यह कदम सीमा शुल्क की चोरी को रोकने के नाम पर उठाया था। लेकिन इसके आड़ में चौकियों पर बड़े पैमाने पर आम लोगों के खिलाफ ही सख्त कार्रवाई की जाने लगी थी। इस एकतरफा और कठोर नीति ने मधेस के सीमावर्ती जिलों में रहने वाले लोगों का जीवन बहुत ही मुश्किल कर दिया था। आम आदमी छोटी-सी खरीदारी के लिए भी परेशान हो रहा था। सुप्रीम कोर्ट का यह अंतरिम आदेश अब तराई-मधेस और सीमावर्ती इलाकों की आम जनता के लिए एक बहुत बड़ी राहत बनकर आया है। लोगों ने इस फैसले का स्वागत किया है। फिलहाल, अदालत के इस कड़े रुख के बाद बालेंद्र शाह सरकार को अपने कदम पीछे खींचने पड़े हैं और सीमा पर एपीएफ की अनावश्यक सख्ती पर भी लगाम लग गई है।

## पाकिस्तान के साथ बढ़ती नजदीकी: बांग्लादेशी अफसर अब लाहौर में प्रशिक्षण लेंगे

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश ने अपने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए भारत के मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी की जगह अब पाकिस्तान के लाहौर को चुना है। इसे भारत-बांग्लादेश संबंधों में आई दूरी और पाकिस्तान के साथ बढ़ती नजदीकी के रूप में देखा जा रहा है। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच इस तरह का पहला मामला बांग्लादेश के 12 वरिष्ठ अधिकारी इन दिनों लाहौर स्थित सिविल सर्विसेज एकेडमी में चार से 21 मई तक प्रशिक्षण ले रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच इस तरह का यह पहला व्यवस्थित प्रशिक्षण कार्यक्रम है। कार्यक्रम का पूरा खर्च पाकिस्तान सरकार उठा रही है बताया गया है कि प्रशिक्षण लेने वालों में एक अतिरिक्त सचिव और 11 संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी शामिल हैं। इस कार्यक्रम का पूरा खर्च पाकिस्तान सरकार उठा रही है और इसमें बांग्लादेश सरकार की कोई आर्थिक भागीदारी नहीं है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के हटने के बाद बांग्लादेश-पाकिस्तान संबंध तेजी से मजबूत हुए हैं व कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ा है।

## ईरान के लिए बहुत बुरा समय आने वाला है, डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दी धमकी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अगर शांति समझौता जल्द नहीं हुआ तो तेहरान के लिए बहुत बुरा समय आने वाला है। फ्रांसीसी ब्रॉडकास्टर को दिए गए टेलीफोनिक इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि ईरान को समझौते में दिलचस्पी रखनी चाहिए। उनका बयान ऐसे समय आया है जब दोनों देशों के बीच पाकिस्तान की मध्यस्थता में बातचीत चल रही है। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने नई दिल्ली में कहा कि ट्रंप प्रशासन से संदेश आए हैं जिसमें बातचीत जारी रखने की इच्छा जताई गई है, लेकिन अमेरिका पर गहरे अविश्वास की वजह से प्रक्रिया धीमी हो रही है। डोनाल्ड ट्रंप के बयान के बावजूद ईरान ने अमेरिका पर दो बार हमला करने का आरोप लगाया है, खासकर परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी पुरानी वार्ताओं के दौरान। अराघची ने वाशिंगटन के विरोधाभासी संकेतों को बातचीत में बाधा बताया। उन्होंने चीन जैसे देशों के कूटनीतिक समर्थन का स्वागत किया और क्षेत्रीय शांति के लिए भारत की बड़ी भूमिका की मांग की। वहीं, ईरान के संसद स्पीकर और मुख्य वार्ताकार मोहम्मद बागेर घालिबाफ ने कहा कि अमेरिका को ईरान के 14 सूत्री प्रस्ताव को स्वीकार करना चाहिए, नहीं तो उसे असफलता का सामना करना पड़ेगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने पहले ईरानी प्रस्ताव को खारिज करते हुए युद्धविराम को जीवन रक्ष' पर



बताया था। इस बीच, मध्य पूर्व में तनाव जारी है। इजरायल ने हाल ही में विस्तारित युद्धविराम के बावजूद दक्षिणी लेबनान में बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए हैं। लेबनानी मीडिया के अनुसार, 50 किलोमीटर से ज्यादा दूर के दो दर्जन से अधिक गांवों पर हमले हुए। इजराइली सेना ने हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बताया और कई गांवों के लिए निकासी चेतावनी जारी की। इन हमलों से सैकड़ों नागरिक बेघर हो गए और सिदोन व बेरूत की ओर पलायन शुरू हो गया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने युद्धविराम के विस्तार का स्वागत किया और सभी पक्षों से इसे पूरी तरह मानने की अपील की। युद्धविराम 17 अप्रैल को शुरू हुआ था और शुक्रवार को 45 दिनों के लिए बढ़ाया गया, लेकिन इसका उल्लंघन बार-बार हो रहा है। लेबनान के अनुसार, युद्ध शुरू होने से अब तक 2900 से ज्यादा लोग मारे गए, जिनमें युद्धविराम के बाद 400 से अधिक शामिल हैं। हिजबुल्लाह ने इजरायल पर हमले जारी रखे हैं। ईरान-अमेरिका वार्ता की सफलता न केवल क्षेत्रीय स्थिरता बल्कि वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए भी अहम है।

## राष्ट्रपति चुनाव से पहले कोलंबिया में हिंसा, पूर्व मेयर और उनके सहयोगी की गोली मारकर हत्या

**बोगोटा, एजेंसी।** कोलंबिया के मध्य इलाके में एक पूर्व मेयर की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को इस घटना की जानकारी दी। इस हमले में पूर्व मेयर रोजर्स डेविया के साथ उनके एक सहायक एडर कार्डोना की भी मौत हो गई। डेविया राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार अबेलार्डो डी ला एस्प्रिएला के करीबी सहयोगी थे। एस्प्रिएला नेशनल साल्वेशन मूवमेंट पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं। यह हमला कुबरल के ग्रामीण क्षेत्र में हुआ। रोजर्स डेविया ने साल 2020 से 2023 के बीच इस शहर के मेयर के रूप में शासन किया था। कुबरल शहर राजधानी बोगोटा से लगभग 170 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है। मेटा विभाग के लोकपाल कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस हमले की जानकारी साझा की।

यह क्षेत्र वर्तमान में तीन सशस्त्र समूहों के बीच संघर्ष का केंद्र बना हुआ है। इनमें से दो समूहों को अमेरिकी सरकार ने आतंकवादी संगठन माना है। तीसरा समूह पूर्व विद्रोही संगठन 'फार्क' से अलग होकर बना एक गुट है। लोकपाल कार्यालय का कहना है कि इस तरह की हिंसा से 31 मई को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में लोगों के राजनीतिक अधिकारों और लोकतांत्रिक भागीदारी पर बुरा असर पड़ सकता है।

आगामी राष्ट्रपति चुनाव में कम से कम छह उम्मीदवार हिस्सा ले रहे हैं। इनमें दो सदस्य छोटी वामपंथी पार्टियों से हैं। चुनाव के नियमों के अनुसार, यदि किसी भी उम्मीदवार को कुल वोटों का 50 प्रतिशत हिस्सा नहीं मिलता है, तो जून में शीर्ष दो उम्मीदवारों के बीच दोबारा मतदान कराया जाएगा।

कोलंबिया के गृह मंत्री अरमांडो बेनेडेटी ने सोशल मीडिया पर कहा कि जांच अधिकारी अभी तक यह नहीं जान पाए हैं कि डेविया पर हमला क्यों किया गया। मंत्री ने यह भी बताया कि पुलिस ने हाल ही में इसी शहर में एक अन्य राष्ट्रपति उम्मीदवार पालोमा वालेंसिया के एक कर्मचारी पर होने वाले हमले को नाकाम किया था। फिलहाल पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

## एपस्टीन फाइल्स की वजह से ब्रिटेन में उथल-पुथल, जल्द इस्तीफा पदे सकते हैं पीएम कीर स्टारमर

**लंदन , एजेंसी।** ब्रिटेन में बड़ी राजनीतिक उथल-पुथल की वजह से प्रधानंत्री कीर स्टारमर अपना पद छोड़ने को तैयार हो गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने अपने करीबियों से कहा है कि वह इस्तीफा देने को तैयार हैं। डेली मेलकी रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री कीर स्टारमर अपने हिसाब से आगे का कदम उठाएंगे। उन्हें इस्तीफा कब देना है, इसका विचार भी वह खुद ही करेंगे।

**क्यों खतरे में है कीर स्टारमर की सरकार :** जानकारी के मुताबिक यूके की लेबर सरकार संकटों से जूझ रही है। लोगों की इस सरकार में विश्वास कम हो गया है। लेबर पार्टी के पीटर मैंडलसन का नाम एपस्टीन फाइल्स में आने केबाद लोगों ने लेबर पार्टी पर अविश्वास जताया और स्थानीय चुनावों में इसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा। इसी वजह से कीर



स्टारमर पर भी इस्तीफा देने का दबाव बढ़ गया है।

गुरुवार को ब्रिटेन में क्षेत्रीय चुनाव हुए। यह चुनाव 136 क्षेत्रों में आयोजित किए गए। अंतिम नतीजों के अनुसार लेबर पार्टी ने परिषद की उन 2,200 से ज़्यादा सीटों में से लगभग 1,200 सीटें गंवा दीं, जिन पर पहले उसका कब्ज़ा था। दक्षिणपंथी 'रिफॉर्म यूके ' पार्टी स्पष्ट विजेता के तौर पर उभरी और उसने लगभग 1,400 सीटें जीतीं।

बता दें कि लेबर पार्टी के ही 80 से ज्यादा सांसदों ने उनसे पद छोड़ने की अपील की है। बीते दिनों सरकार के तीन सदस्यों के इस्तीफा देने की बात भी सामने आई थी।

निगेल फराज के नेतृत्व वाली रिफॉर्म यूके को चुनावों का सबसे बड़ा विजेता माना जा रहा है। स्काई न्यूज के अनुसार, इसने अब तक 1,422 सीटें जीती हैं। लेबर पार्टी 980 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि लिबरल डेमोक्रेट्स और कंजरवेटिव पार्टी क्रमशः 834 और 754 सीटों के साथ तीसरे और चौथे स्थान पर हैं।प्लाइड सिमरु, जो वेल्स की स्वतंत्रता के लिए प्रतिबद्ध एक मध्य-वामपंथी पार्टी है, 43 सीटों के साथ वेल्स सेनेड में सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। रिफॉर्म यूके 34 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर है जबकि लेबर पार्टी नौ सीटों के साथ बहुत पीछे तीसरे स्थान पर है। वेल्स में 27 साल सत्ता में रहने के बाद लेबर पार्टी ने पहले ही हार स्वीकार कर ली थी।

**स्टारमर ने इस्तीफा देने से कर दिया था इनकार :** वहीं स्कॉटलैंड में, स्कॉटिश नेशनल पार्टी ने सबसे अधिक 58 सीटें जीतीं लेकिन बहुमत के लिए आवश्यक 65 सीटों से पीछे रह गई। लेबर और रिफॉर्म यूके 17-17 सीटों पर बराबरी पर हैं जबकि कंजर्वेटिव पार्टी की सीटें घटकर 12 रह गईं। अपनी पार्टी के लिए निराशाजनक नतीजों के बावजूद, स्टारमर ने इस्तीफा देने से मना करते हुए कहा था कि वह पीछे नहीं हटेंगे और देश को अराजकता में नहीं धकेलेंगे।

## चीन की नई चाल, एशियाई समुद्र में बढ़ा रहा अपना दबदबा: बड़े बेड़ों की तैनाती

**बीजिंग, एजेंसी।** नई चाल के तह चीन एशिया के विवादित समुद्री इलाकों में अपनी मौजूदगी बढ़ा रहा है। इसके लिए वह मछली पकड़ने वाली नावों, कोस्ट गार्ड जहाजों और समुद्री मिलिशिया यूनिट्स के बड़े बेड़े तैनात कर रहा है। यह एक बड़ी रणनीति का हिस्सा है, जिसका मकसद बिना किसी सीधी सैन्य टकराव के अपना नियंत्रण मजबूत करना है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट और ताइवान न्यूज के हवाले से यह जानकारी दी गई है। हाल ही में चीन की लगभग 200 मछली पकड़ने वाली नावें येलो सी में और अंदर तक चली गईं। ये नावें उन समुद्री इलाकों के और करीब पहुंच गईं, जिन पर चीन और दक्षिण कोरिया दोनों अपना दावा करते हैं। जियोस्पेशियल इंटेलिजेंस कंपनी Ingenispace द्वारा जुटाए गए डेटा से पता चला है कि अहम शिपिंग मार्गों और विवादित समुद्री क्षेत्रों में जहाजों की आवाजाही असामान्य रूप से बहुत ज्यादा बढ़ गई है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि बीजिंग अपनी 'ग्रे-जोन' रणनीति के तहत अब ज्यादा से ज्यादा नागरिक मछली पकड़ने वाले बेड़ों पर निर्भर हो रहा है। ये बेड़े दोहरे इस्तेमाल वाले ऑपरेशन्स के लिए तैयार किए गए हैं। इस रणनीति का मकसद धीरे-धीरे अपना प्रभाव बढ़ाना है, लेकिन साथ ही खुले युद्ध की स्थिति से भी बचना है।

चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर जेसन वांग ने कहा कि इन जहाजों की तैनाती से यह जाहिर होता है कि चीन अनियमित समुद्री ऑपरेशन्स के जरिए क्षेत्रीय समुद्री इलाकों पर अपना नियंत्रण स्थापित करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि जहाजों की यह बढ़ती संख्या चीन की उस संभावित क्षमता को भी दर्शाती है, जिसके तहत वह तनाव बढ़ने की स्थिति में अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक शिपिंग मार्गों को बाधित कर सकता है। पूर्वी चीन सागर में भी चीन की समुद्री गतिविधियां तेज हो गई हैं। 3 अप्रैल को 600 से ज्यादा चीनी मछली पकड़ने वाली नावें लगभग 18 घंटों तक एक लंबी कतार बनाकर खड़ी देखी गईं।

**कोस्ट गार्ड की गश्त भी बढ़ी :** इसके साथ ही, बीजिंग ने विवादित डियाओयुताई द्वीपों के आसपास कोस्ट गार्ड की गश्त भी बढ़ा दी। साउथ चाइना सी में, चीन ने पिछले एक साल में स्कारबोरो शोल के पास अपने कोस्ट गार्ड ऑपरेशन्स को कथित तौर पर दोगुना कर दिया है और इस इलाके को 'नेशनल नेचर रिजर्व' घोषित करने के बाद ज्यादा सख्त प्रशासनिक उपाय लागू किए हैं। वियतनाम के पास पैरासेल आइलैंड्स में नई कंस्ट्रक्शन एक्टिविटी देखी गई है।

**क्या कह रहे एक्सपर्ट्स :** सेंटर फॉर स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के 'सीलाइट प्रोजेक्ट' के रिसर्चर्स ने बताया कि चीन ने पिछले साल समुद्री मिलिशिया और कोस्ट गार्ड जहाजों की सुरक्षा में 'एंटेलोप रीफ' का विस्तार करना शुरू कर दिया था। एक्सपर्ट्स ने कहा कि चीन का लंबे समय का मकसद विवादित पानी में अपने दबदबे को धीरे-धीरे सामान्य बनाना है, और साथ ही सीधे टकराव से बचना है। सीएसआईएस में जियोपॉलिटिक्स और विदेश नीति विभाग के प्रेसिडेंट विक्टर चा ने कहा कि चीन की कार्रवाइयां बहुत सोच-समझकर की गई हैं, ताकि बिना युद्ध छेड़े क्षेत्रीय नियंत्रण को मजबूत किया जा सके।

## इराक के नए प्रधानमंत्री बने अली फलिह काजिम अल-जैदी, पीएम मोदी ने दी बधाई

**बगदाद, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इराक के नए प्रधानमंत्री अली फलिह काजिम अल-जैदी को पद संभालने पर बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और इराक के बीच लंबे समय से मजबूत और दोस्ताना संबंध रहे हैं और भारत इन रिश्तों को हर क्षेत्र में और मजबूत बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वह दोनों देशों की साझा तरक्की और समृद्धि के लिए नए इराकी प्रधानमंत्री के साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हैं।

**पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा संदेश :** प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि अली फालिह काजिम अल-जैदी को इराक का प्रधानमंत्री बनने पर हार्दिक शुभकामनाएं। भारत इराक के साथ अपने पुराने और मजबूत संबंधों को बहुत महत्व देता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों देशों के बीच व्यापार, ऊर्जा, निवेश और कूटनीतिक सहयोग आने वाले समय में और मजबूत होगा।

**अमेरिकी राजदूत ने भी दी अल-जैदी को बधाई :** वहीं, तुर्किये में अमेरिका के राजदूत और सीरिया के लिए विशेष दूत टॉम बैरक ने भी इराक के नए प्रधानमंत्री को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अमेरिका इराक में नए नेतृत्व का स्वागत करता है और दोनों देशों के साझा हितों पर मिलकर काम करना चाहता है। अमेरिका चाहता है कि इराक एक मजबूत, स्थिर और समृद्ध देश बने, जो अपने पड़ोसी देशों के साथ शांति बनाए रखे और अपने नागरिकों को बेहतर अवसर दे। टॉम बैरक ने यह भी कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, विदेश मंत्री मार्को रुबियो और



अमेरिका की सरकार इराक के साथ आतंकवाद खत्म करने और आर्थिक विकास बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने को तैयार हैं। इराकी संसद ने 14 मई को अली अल-जैदी की सरकार को मंजूरी दी थी। प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने बड़ा बयान देते हुए कहा कि देश में हथियारों पर सिर्फ सरकार का अधिकार होना चाहिए। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका लगातार इराक पर दबाव बना रहा है कि वह ईरान समर्थित हथियारबंद गुटों को कमजोर करे और उन्हें निरस्त्र करे।

**इराक की नई सरकार को यूएन ने भी दी बधाई :** संयुक्त राष्ट्र ने भी नई सरकार के गठन का स्वागत किया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा कि यूएन इराक के लोगों के आर्थिक और सामाजिक विकास में सहयोग जारी रखेगा। यूरोपीय संघ ने भी इराक के नए प्रधानमंत्री को बधाई देते हुए देश की एकता, संप्रभुता और स्थिरता के समर्थन की बात दोहराई। वहीं जापान ने इराक में सुरक्षा स्थिति बेहतर होने पर खुशी जताई और कहा कि वह इराक में निवेश तथा इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है।

# पाकिस्तान रक्षा बजट में करने जा रहा 100 अरब की बढ़ोतरी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान सरकार अगले वित्त वर्ष में रक्षा बजट में करीब 100 अरब पाकिस्तानी रुपये की बढ़ोतरी कर सकती है। सरकार अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) समर्थित सुधार कार्यक्रम के तहत अपना बजट तैयार कर रही है, जिसमें राजस्व में भारी वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। मालूम हो कि पाकिस्तान ने पिछले साल भारत के खिलाफ बड़ा युद्ध हारा है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तानी सेना को बुरी तरह से पराजित करते हुए कई ठिकानों पर मिसाइलों से हमले किए थे। संघर्ष के दौरान पाकिस्तान भारत से बुरी तरह से 'पिटा' था। ऐसे में अब अगले साल से रक्षा बजट के इतना बढ़ाए जाने से आशंका जताई जा रही है कि क्या पाकिस्तानी सेना कोई बड़ी तैयारी तो नहीं कर रही है और भारत के लिए बड़ा खतरा तो नहीं पैदा होने जा रहा? माना जा रहा है कि इसके जरिए वह अपनी सैन्य ताकत को बढ़ाएगा और हथियारों की खरीद भी बढ़ा सकता है, जिससे मुनीर की सेना की ताकत में इजाफा होगा। अखबार 'डॉन' ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि 2026-27 के लिए रक्षा खर्च 2.66 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपये रहने का अनुमान है, जो चालू वित्त वर्ष में 2.56 लाख करोड़ रुपये है। रिपोर्ट के अनुसार, आईएमएफ ने 2026-27 में पाकिस्तान की कुल संघीय आय 17.14 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपये रहने का अनुमान लगाया है। यह मौजूदा वित्त वर्ष की तुलना में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक और करीब 13.5 प्रतिशत ज्यादा है। रिपोर्ट में कहा गया कि पाकिस्तान ने केंद्र और प्रांतीय सरकारों के कुल खर्च को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 0.2 प्रतिशत तक बढ़ाकर 4.23 लाख करोड़ रुपये करने का वादा किया है। साथ ही जून 2027 तक केंद्र और प्रांतीय सरकारों के सभी भुगतानों को डिजिटल माध्यम से करने



की योजना है। आईएमएफ कार्यक्रम से जुड़े व्यापक सुधारों के तहत सरकार इस वर्ष के अंत तक सबसे अधिक भ्रष्टाचार प्रभावित 10 संस्थानों की पहचान कर उनका विस्तृत अध्ययन और लेखा जांच करेगी। प्रांतीय भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसियों को भी मजबूत किया जाएगा।

**40 फीसदी आबादी आर्थिक रूप से कमजोर :** रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि जो लोग घोर गरीबी में जी रहे हैं और जिन्हें सामाजिक सहायता मिल रही है, उनके अलावा भी लगभग 40 फीसदी आबादी आर्थिक रूप से कमजोर बनी हुई है। आईएमएफ का एक मिशन इस समय पाकिस्तान में है, जो 2026-27 के बजट से पहले बजट पर होने वाली चर्चाओं को अंतिम रूप देने के लिए आया है। उम्मीद है कि यह बजट अगले महीने की शुरुआत में कैबिनेट और संसद के सामने पेश किया जाएगा।

**कांगो के इटुरी प्रांत में इबोला से अब तक 80 मौतें, स्वास्थ्यकर्मी सक्रिय : ब्राज़ाविल, एजेंसी।** कांगो के पूर्वी इटुरी प्रांत में इबोला बीमारी के नए प्रकोप से कम से कम 80 लोगों की मौत हो चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि स्वास्थ्यकर्मी बीमारी को रोकने के लिए स्क्रीनिंग और संपर्क ट्रेसिंग तेज कर रहे हैं। शुक्रवार को इस प्रकोप की घोषणा की गई थी, तब 65 मौतें और 246 संदिग्ध मामले थे। कांगो के स्वास्थ्य मंत्री सैमुअल-रोजर काम्बा ने आठ प्रयोगशाला-पुष्टि मामलों की जानकारी दी, जिनमें चार मौतें शामिल हैं। परीक्षणों में बंडिबुग्यो वायरस की पुष्टि हुई है। यह कांगो में इबोला का 17वां प्रकोप है। इबोला अत्यधिक संक्रामक और अक्सर घातक होता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com